卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 208 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦5 मई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# 22 लाख की नकली करेंसी बरामद

## दो शातिर गिरफ्तार,मशीन, मॉनिटर, प्रिंटर, सीपीयू, पेपर कटर, एटीएम, मोबाइल फोन बरामद

रूद्रपुर/काशीपुर(उद संवाददाता)। एसओजी और काशीपुर थाना पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर लगभग 22 लाख से अधिक की नकली करेंसी के साथ दो शातिर दिमाग जालसाजों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने अपने कार्यालय में खुलासा करते हुए बताया कि पुराना ढेला पुल के पास काली मोटर साईकिल के साथ दो लड़के खड़े है जोकि नकली करेंसी नोटों का काम करते हैं। मुखबिर की सूचना पर एसओजी की टीम पुराने ढेला पुल की ओर रवाना हुई। इसके बाद पुलिस की टीमें पुराना ढेला पुल के पास पहुंची जहां बाइक पर बैठे दो युवकों को घेरकर पकड़ लिया। पकड़े गये पहले युवक ने अपना नाम राजेन्द्र सिंह उर्फ राजू पुत्र सतनाम सिंह निवासी बैराज कालोनी, मौहल्ला शक्तिनगर, बिजनौर, उत्तर प्रदेश बताया। उसकी तलाशी लेने पर पांच-पांच सौ रुपयो के नोटों की दो गड्डियां बरामद हुई। जोकि देखने से ही नकली लग रही थी। पकड़े गये युवक की पिछली जेब से एक ड्राईविंग लाईसेंस, एक एटीएम कार्ड, एक श्रम कार्ड राजेन्द्र कुमार नाम से, एक केनरा बैंक का एटीएम, एक एटीएम कार्ड इंडियन ओवरसीज बैंक जोकि पूनम कौर के नाम से, एक मोबाईल फोन बरामद हुआ। वहीं, पीछे पेटी पकड़कर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम बूटा सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह निवासी भोगपुर, पो. बढ़ापुर, नगीना, बिजनौर



बताया, उसकी पेंट की जेब से एक मोबाईल आईफोन तथा हाथ में पकड़ी गत्ते की पेटी में से पांच- पांच सौ के नोटों की 98 गड्डियां बरामद हुई जोकि नकली प्रतीत हो रही थीं। जिनकी कुल कीमत 22 लाख आठ हजार पांच सौ रुपये है। इतनी अधिक मात्रा में नकली करेंसी नोट बरामद होने पर जब उनसे सख्ती से पूछताछ की गई तो दोनों युवकों ने बताया कि यह नोट हम खुद प्रिटिंग मशीन से छापते है और इस जाली करेंसी को भीड़ भाड़ वाले शहरों में असली के रुप में बेचकर आर्थिक लाभ कमाते हैं। आज हम इन जाली नोटों को काशीपुर क्षेत्र में असली के रुप में उपयोग करने व बेचने आये थे। उन्होंने बताया कि भोगपुर, थाना बढ़ापुर जिला बिजनौर में उनका सीएचसी सेंटर है, उसी में जाली नोट बनाने की प्रिटिंग मशीन आदि उपकरण रखे हैं। दोनों युवकों से पूछताछ के आधार पर मिली जानकारी के बाद पुलिस उन दोनों युवकों को लेकर भोगपुर, बिजनौर पहुंचे और युवकों के द्वारा चलाये जा रहे जनसेवा केन्द्र में गये जहां मेज पर रखी जाली नोट मशीन बनाने की मॉनीटर लेनोवो कंपनी, एक प्रिंटर, मिनी सीपीयू, एक केबिल व एक पेपर कटर बरामद किया। बूटा सिंह के पास खड़े राजेन्द्र कुमार ने मेज की दराज को खोलकर उसमें से एक पेपर रिम कुल 100 अदद जो काले रंग की प्लास्टिक कवर में हैं तथा दराज से एक तरफ छपे हुये जाली नोट तथा बिना सीरियल नंबर अंकित नोट के पिछले सिरे के एक तरफ छपे हुये कुल 12 नोट तथा पूर्ण रुप से छपे हुये एक नोट तथा दो नोट बरामद कराये। जालसाजों ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि इसी आफिस में बैठ (शेष पृष्ठ सात पर)

## दो पेटी शराब और नगदी सहित तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को तीन पेटी अवैध देशी शराब व हजारों की नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उनि अर्जुन गिरी साथी पुलिस कर्मियों कांनि. अमित जोशी व महेंद्र कुमार के साथ इन्द्रा चौक के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर टीम झा इंटर कॉलेज के ग्राउंड में पहुंची। जहां झाड़ियों में एक व्यक्ति लोगों को (शेष पृष्ठ सात पर)

## पचास हजार का ईनामी बदमाश दबोचा

रामनगर (उद संवाददाता)। करीब 2 वर्षों से जमीनों के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी कर फरार चल रहे एक बदमाश को कोतवाली पुलिस एवं एसटीएफ कुमाऊं की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी बलजीत सिंह भाकुनी ने बताया कि अल्मोड़ा जनपद के सल्ट



क्षेत्र में रहने वाला जयप्रकाश डंडरियाल ने कुछ वर्षों पूर्व रामनगर क्षेत्र के ग्राम पीरूमदारा में प्रॉपर्टी डीलिंग का काम शुरू किया था उन्होंने बताया कि इस दौरान उक्ति व्यक्ति द्वारा जमीन के नाम पर कई लोगों के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी की गई थी जिसमें रामनगर कोतवाली मैच के खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज किए गए थे उन्होंने बताया कि करीब 2 वर्ष से आरोपी फरार चल रहा था जिसे एसटीएफ कुमाऊं निरीक्षक एसपी सिंह एवं रामनगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सैनी के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है उन्होंने बताया कि आरोपी के ऊपर 50 हजार रुपए का इनाम उसकी गिरफ्तारी पर घोषित किया गया था उन्होंने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है।

## दो युवकों ने फांसी लगाकर दी जान

रामनगर(उद संवाददाता)।गुरुवार की देर शाम रामनगर क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर 2 लोगों ने संदिग्ध रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है तो वहीं पुलिस भी



जांच में जुट गई है घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि ग्राम पूछडी निवासी करण सैनी 18 वर्ष पुत्र बाबू सिंह सैनी एवं ग्राम पार्वती कुंज फेस नंबर सेकंड पीरुमदारा निवासी बहादुर सिंह उम्र 35 वर्ष पुत्र प्रताप सिंह अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए हैं उन्होंने बताया कि मामले में पुलिस द्वारा जांच कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## कचरे का पहाड़ तीन माह में हटाने के निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।किच्छा रोड पर दशकों से जमा हुए कचरे के पहाड़ को हटाने का काम नगर निगम रुद्रपुर की ओर से युद्ध स्तर पर जारी है। आज मेयर



रामपाल सिंह और नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने कचरा निस्तारण के कार्यों का मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। मेयर रामपाल सिंह और नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने जेसीबी पर बैठ कर ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने कचरा निस्तारण के काम में लगी कार्यदायी संस्था के काम से संतुष्ट नजर (शेष पृष्ठ सात पर)

## मेडिकल स्टोरों छापेमारी से मचा हड़कम्प

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग आयुक्त डॉ० आर राजेश कुमार व कुमाऊँ मंडल आयुक्त के निर्देश व सहायक औषधि नियंत्रक, कुमाउं मण्डल हेमन्त सिंह नेगी के दिशा निर्देश में वरिष्ठ औषधि निरीक्षण मीनाक्षी बिष्ट एवं नीरज कुमार के नेतृत्व में टीम ने शुक्रवार को नैनीताल में 10 मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीन मेडिकल स्टोरो पर औषधियों का भण्डार मानको के अनुरूप न पाया जाना, फार्मासिस्ट उपलब्ध न होना, क्रय विक्रय के



अभिलेख दिन-प्रतिदिन स्तर पर सुचारू न करना, जैसी अनियमितताएं पाई गई। जिसपर मेडिकल स्टोरो पर कार्यवाही करते हुए क्रय-विक्रय पर रोक लगाते हुए दुकान बन्द करने की कार्यवाही की गयी। प्रर्वतन की कार्यवाही लगातार चलती रहेगी।उक्त क्रम में केमिस्ट एसोसिएशन नैनीताल की मीटिंग ली गई।

## धारदार हथियार से किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला रम्पुरा में राह गुजरते व्यक्ति पर दो लोगों ने धारदार हथियार व तमंचा से हमला कर दिया। किसी तरह उसने भागकर अपनी जान बचाई। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। रामबहादुर पुत्र भगीरथ निवासी रम्पुरा वार्ड 23 का आरोप है कि वह रम्पुरा में गुरुद्वारे के पास किसी काम से गया था। उसे देखकर रम्पुरा निवासी आशीष पुत्र छोटेलाल और वेदी कोली उसे जान से मारने की धमकी देने लगे। जब उनसे ऐसा करने का कारण पूछा तो आशीष जान (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाजपाईयों ने देखी ‘द केरला स्टोरी’ फिल्म

### प्रदेश में फिल्म को टैक्स फ्री करने करने के लिए विधायक ने सीएम को भेजा पत्र

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। लव जिहाद आज देश के अनेकों राज्यो में जहर के रूप में फैलता जा रहा है जिसका शिकार हिन्दू बच्चिया लगातार हो रही हैं। वर्तमान स्थिति और देश मे लव जिहाद सुनियोजित एजंडे के तहत पूरे देश में चलाया जा रहा है। उसी पर आधारित द केरला स्टोरी फिल्म आज लांच हुई। द केरला स्टोरी को देखने के लिए रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मेट्रोपोल्स माल में पहुँचे। फिल्म में दिखाया गया है कि 32 हजार लड़कियों को केरल में किस प्रकार जेहादी मानसिकता के लोगो द्वारा ब्रेनवॉश कर उनका धर्म परिवर्तन करवाया जाता है।सच्ची घटना पर आधारित फिल्म को लेकर विधायक शिव अरोरा ने कहा यह फिल्म दर्दनाक घटना जो हमारी केरल की 32 हजार बेटियों की आपबीति पर आधारित है। यह फिल्म देखकर हृदय में कष्ट हुआ किस प्रकार सुनियोजित तरीके से जिहादी मानसिकता के लोग हमारी बहन बेटियों को किस प्रकार (शेष पृष्ठ सात पर)






## कार्यकर्ताओं से मारपीट के खिलाफ एसएसपी से मिले विधायक अरोरा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प में भाजपा कार्यकर्ता के साथ उप निरीक्षक द्वारा की गई अभद्रता मामले में विधायक शिव अरोरा कार्यकताओ के साथ एसएसपी मंजुनाथ टीसी से मिले। विधायक शिव अरोरा ने कहा प्रदेश में पुष्कर सिंह धामी की सरकार हैं और हमारे कार्यकताओ का समान सर्वोपरि है और ट्रांजिट कैम्प थाने में जो घटना हुई है। वह माफी के काबिल नही है ऐसी (शेष पृष्ठ सात पर)



# कुबेर और भैरव गदेरे में ग्लेशियर खिसकने से बाधित मार्ग खोला






## केदारनाथ यात्रा के लिए आठ मई तक पंजीकरण पर रोक, रुद्रप्रयाग से गौरीकुंड तक जगह-जगह 18,000 से अधिक श्रद्धालु रोके गए

रूद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम में मौसम आज साफ बना हुआ है। जिसके बाद धाम में यात्रा सुचारू हो गई है। सोनप्रयाग से केदारनाथ के लिए यात्री भेजे गए। वहीं, हेली सेवा भी शुरू हो गई है। वहीं, पुलिस ने यात्रियों से मौसम का पूर्वानुमान लेकर ही यात्रा पर आने की अपील की है। साथ ही किसी भी विषम स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर ठहरने की सलाह दी गई है। केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए आठ मई तक पंजीकरण पर रोक रहेगी। आगामी तीन से चार दिन तक केदारघाटी में मौसम खराब रहने की संभावना है। इसे देखते हुए सरकार ने यह निर्णय लिया है। बदरीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम की यात्रा के लिए पंजीकरण सुचारू रूप से हो रहे हैं। वहीं केदारनाथ में भैरव और कुबेर गदेरे में हिमखंड खिसकने से मार्ग बंद हो गया। मार्ग को खोलने के लिये पुलिस के जवान जुटे हुए है। रुद्रप्रयाग जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि केदारनाथ यात्रा मार्ग पर बुधवर को भैरव गदेरे व कुबेर गदेरे में ग्लेशियर टूटने के कारण आवाजाही बंद हो गई थी। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देश पर यात्रा मार्ग को सुचारू करने के लिए डीडीएमए, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, एनडीआरएफ, वाईएमएफ व पुलिस के जवानों ने दोनों ग्लेशियरों से बर्फ हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। भैरव ग्लेशियर से बर्फ हटाने का काम पूरा हो चुका है। जबकि कुबेर ग्लेशियर पर बर्फ हटाने का काम जारी है। पैदल यात्रा कर रहे तीर्थ यात्रियों के लिए मार्ग खोल दिया गया था, लेकिन दोपहर को दोबारा ग्लेशियर टूटकर मार्ग पर आ गया। जिससे रास्ता बंद हो गया है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने केदारनाथ धाम पैदल यात्रा कर रहे तीर्थ यात्रियों से अपील की है कि यात्रा मार्ग पूरी तरह से सुचारू न होने तक यात्रा पर न जाएं जिस स्थान पर हैं उस। उन्होंने कहा कि जो यात्री हेली सेवा से दर्शन करना चाहते हैं वो दर्शन के लिए आ सकते हैं। उन्होंने यात्रा मार्ग में दोनों ग्लेशियर पर तैनात जवानों को निर्देश दिए कि अपनी सुरक्षा के साथ ही तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करें। एसएसपी रूद्रप्रयाग विशाखा अशोक के अनुसार केदारनाथ धाम पैदल यात्रा सुचारु रूप से चल रही है। कुबेर गधेरा ग्लेशियर व भैरव गधेरा ग्लेशियर के पास स्थानीय प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ के जवान यात्रियों को सुरक्षित तरीके से पार करवा रहे हैं। कुबेर गधेरे के पास आये ग्लेशियर को हटाये जाने का काम युद्धस्तर पर जारी है।फिसलन वाले स्थलों को खुरच खुरच कर आसानी से चलने योग्य बनाया जा रहा है।यात्रियों को नियंत्रित ढंग से यहां पर पार कराया जा रहा है, व यात्रियों की सुविधा हेतु पर्याप्त रस्से भी लगाये गये हैं। इन दोनों स्थलों पर यात्रियों की सहायता के साथ ही स्वयं की सुरक्षा का ध्यान दिये जाने के निर्देश निर्गत किये गये हैं। यात्रा की मॉनीटरिंग स्वयं जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग द्वारा की जा रही है, व अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये जा रहे हैं। 25 अप्रैल को केदारनाथ धाम के कपाट खुले थे। तब से लगातार धाम में बारिश व बर्फबारी हो रही है। इसके बावजूद चार मई तक 1.23 लाख से अधिक तीर्थ केदारनाथ धाम में दर्शन कर चुके हैं। मौसम खराब होने से सरकार को यात्रा के लिए पंजीकरण रोकना पड़ रहा है।चारधाम यात्रा में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का कोटा व्यवस्था समाप्त करने के बाद पंजीकरण में तेजी आई है, लेकिन बारिश और बर्फबारी से यात्रा बाधित हो रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सरकार को केदारनाथ धाम की यात्रा रोकनी पड़ रही है। पर्यटन विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार 10 मई तक केदारनाथ धाम के लिए 1.26 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया है। मौसम खराब होने के बाद भी बाबा केदार के दर्शन के लिए भक्तों में भारी उत्साह है। पंजीकरण और हेली सेवा टिकटों की बुकिंग से इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की कि वे मौसम की जानकारी लेने के बाद ही यात्रा पर आएं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों भारी बर्फबारी के कारण केदारनाथ की यात्रा बाधित हुई थी। इसके बावजूद श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ी है। बकौल धामी, मैंने बीच-बीच में यात्रियों से अपील की थी कि मौसम ठीक हो जाने के बाद ही वे यात्रा पर आएं। हम चाहते हैं कि उत्तराखंड चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। लेकिन अब मौसम ठीक हो रहा है। फिर भी मैं यह कहना चाहता हूं कि देश-विदेश से जो भी यात्री चारधाम यात्रा पर आ रहे हैं, वे मौसम की जानकारी पहले प्राप्त कर लें। उसके बाद यात्रा पर आएं। बता दें कि बुधवार को बारिश व बर्फबारी के कारण केदारनाथ यात्रा रोकी गई थी। प्रशासन और पुलिस ने सोनप्रयाग, गौरीकुंड से किसी यात्री को आगे नहीं जाने दिया। शाम पांच बजे के बाद मौसम में सुधार को देखते हुए प्रशासन व पुलिस ने बृहस्पतिवार को सुबह 11 बजे से सोनप्रयाग से केदारनाथ के लिए पैदल यात्रा शुरू करने का निर्णय लिया है। पुलिस अधीक्षक डा. विशाखा अशोक भदाणे ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही यात्रा का संचालन किया जाएगा। सोनप्रयाग, गौरीकुंड से सीमित संख्या में यात्री भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि पैदल मार्ग पर तैनात पुलिस, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ के जवानों को भी पूरी तरह से सतर्क रहने को कहा गया है। जबकि रुद्रप्रयाग से गौरीकुंड तक जगह-जगह अब भी 18,000 से अधिक श्रद्धालु रोके गए हैं।

## पहाड़ी से भारी मलबा आने से अवरुद्ध हुआ बदरीनाथ हाईवे, हजारों तीर्थयात्रियों को रोका

चमोली। बदरीनाथ हाईवे बृहस्पतिवार को हेलंग के पास पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा आने से बंद हो गया। हाईवे बंद होने पर पुलिस प्रशासन ने यात्रा वाहनों को जगह-जगह पड़ावों पर रोक दिया है। पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि शुक्रवार को हाईवे सुचारु होने के बाद वाहनों की आवाजाही सुचारु कर दी जाएगी। जगह-जगह करीब 10 हजार यात्री रोके गए हैं। बृहस्पतिवार को हेलंग के पास चट्टान से मलबा आने का सिलसिला बना रहा। अपराह्न तीन बजे अचानक चट्टान से भारी मात्रा में मलबा हाईवे पर आ गया जिससे हाईवे बंद हो गया। साथ ही एक कार पर भी मलबा आ गिरा जिससे यात्री चोटिल हो गए। इस दौरान करीब पांच किमी तक लंबा जाम रहा। एनएचआई डीसीएल ने जेसीबी लगाकर करीब दो घंटे बाद हाईवे खोला ही था कि एक घंटे बाद छह बजे पहाड़ी से फिर से मलबा आ गया। ऐसे में हाईवे के दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही थम गई। पुलिस प्रशासन ने दोनों तरफ से यात्रा वाहनों को हटा दिया। करीब 10 हजार तीर्थयात्रियों को रोक दिया गया और रात्रि विश्राम के लिए जोशीमठ, हेलंग, पाखी, पीपलकोटी, चमोली भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि हाईवे से मलबा हटाने का काम चल रहा है। रात तक हाईवे सुचारु हो जाएगा, लेकिन वाहनों की आवाजाही सुबह करवाई जाएगी। उन्होंने तीर्थयात्रियों को यात्रा का अपडेट लेने के बाद ही तीर्थयात्रा शुरू करने की अपील की है। जोशीमठ में चारधाम यात्रा के लिए खोला गया आपदा कंट्रोल रूप शोपीस बना हुआ है। यहां तैनात कर्मचारियों को चारधाम यात्रा के संबंध में किसी तरह की कोई जानकारी नहीं है। बृहस्पतिवार को बदरीनाथ हाईवे पर तीन दुर्घटनाएं हुईं लेकिन वहां इस संबंध में कोई जानकारी नहीं थी। यमुनोत्री हाईवे पर किसाला के पास पहाड़ी से पत्थर गिरने से हाइवे दो घंटे तक बंद रहा जिससे तीर्थयात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं पहाड़ी से बोल्डर मलबा गिरने की आशंका के बीच यात्री जान जोखिम में डालकर आवाजाही कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को सुबह 8 बजे हाईवे पर मलबा आ गया था जिसे जेसीबी ने करीब 10 बजे हटाकर हाईवे खोल दिया था। यमुनोत्री हाईवे पर आलवेदर सड़क परियोजना के तहत चौड़ीकरण कार्य चल रहा है। कहीं जगहों पर सुरक्षा कार्य करने के बाद भी भूस्खलन थमने का नाम नहीं ले रहा है। एनएच के ईई राजेश पंत का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया की स्वीकृति मिलने के बाद भूस्खलन क्षेत्र के ट्रीटमेंट का काम शुरू किया जाएगा।

## जन सेवाओं से जुड़े मामलों में ऑनलाइन प्रक्रियाओं को आसान बनाने के दिये निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में सशक्त उत्तराखण्ड 25 के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आईटीडीए एवं उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को जन सेवाओं से जुड़े मामलों में ऑनलाइन प्रक्रियाओं को आसान बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को एक ही प्लेटफॉर्म पर सभी सुविधाएं आसानी से मिले, इसके लिए जन सुविधा से जुड़े सभी विभागों को एक अम्ब्रेला में लाया जाए व सेवा के अधिकार में अधिक से अधिक सेवाएं जोड़ी जाएं। उन्होंने कहा कि राज्य में रोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में सभी विभागों को तेजी से कार्य करने होंगे। स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग समन्वय से कार्य करें व उच्च शिक्षा के साथ-साथ युवाओं के



कौशल विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। आईटीडीए की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सेवा के अधिकार में और जन सेवाओं को जोड़ा जाए व राज्य के जिन क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी की अभी भी समस्या है उनका जल्द समाधान हो। उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए, कि भारत सरकार द्वारा सहायतित योजनाओं में तेजी से कार्य किए जाएं व विभिन्न विभागों के जो बड़े प्रोजक्ट तेजी से आगे नहीं बढ़ रहे हैं, उनकी जल्द समीक्षा की जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, श्री शैलेश बगोली, प्रो. दुर्गेश पंत, अपर सचिव श्री विजय कुमार जोगदाण्डे, महानिदेशक उद्योग श्री रोहित मीणा, निदेशक श्रीमती नितिका खण्डेलवाल आदि उपस्थित थे।

## शहरों में निराश्रित गौवंश के लिए गौशालाओं के निर्माण के लिये भूमि चिन्हित करने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने गुरूवार को सचिवालय में राज्य स्तर पर निराश्रित गौवंश के रहने के लिए गौशालाओं की उचित व्यवस्था के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने शहरों में निराश्रित गौवंश के लिए गौशालाओं के निर्माण किए जाने हेतु जिलाधिकारियों को भूमि चिन्हित किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि गौशालाओं का संचालन एनजीओ के माध्यम से कराया जाए। उन्होंने सभी नगर निगमों और नगर पालिकाओं में जानवरों को उठाने के लिए हाइड्रोलिक वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कहा कि इससे जानवरों को लिफ्ट करने में घायल होने से बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि गौशालाओं के लिए भूमि लीज पर दिए जाने का अधिकार जिलाधिकारियों को दिया जाएगा। पुरानी गौशालाओं के विस्तारीकरण व नई



गौशालाओं के निर्माण हेतु जिलाधिकारी निर्णय ले सकेंगे और यह भी सुनिश्चित करेंगे कि नगर निगम, नगर पालिकाएं व नगर पंचायतें पूरी तरह से आच्छादित हो गई हैं। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, सचिव श्री नितेश झा, डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम एवं अपर सचिव शहरी विकास श्री नवनीत पाण्डेय सहित अन्य उच्चाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## ड्राफ्ट फाइनल करने से पहले दून में रायशुमारी करेगी समिति

देहरादून। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का ड्राफ्ट फाइनल करने से पहले जस्टिस रंजना देसाई वाली पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति राजधानी देहरादून में रायशुमारी करेगी। इस माह 24 व 25 तारीख को यूसीसी का पूरा पैनल राजनीतिक दलों और विभिन्न आयोगों का भी पक्ष जानेगा।समिति 30 जून तक ड्राफ्ट तैयार कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपने की तैयारी कर रही है। समिति का कार्यकाल 27 मई को खत्म हो रहा है। लेकिन सरकार उसे चार माह का विस्तार दे सकती है। इसका प्रस्ताव शासन में विचाराधीन है। गठन के बाद से ही समिति पूरे प्रदेश में 30 से अधिक बैठकों में समाज अलग-अलग वर्गों से चर्चा कर चुकी है। देहरादून को छोड़कर राज्य के सभी प्रमुख शहरों व जिलों में जाकर समिति के पैनल ने जन संवाद किए और समान नागरिक संहिता पर लोगों को राय ली।अब चूंकि समिति ड्राफ्ट तैयार करने का 75 फीसदी से अधिक काम पूरा कर चुकी है। ड्राफ्ट फाइनल करने से पहले पूरा पैनल देहरादून में प्रबुद्धजनों, राजनीतिक दलों के नेताओं, महिला आयोग, बाल संरक्षण आयोग, मानवाधिकार आयोग, अल्पसंख्यक आयोग, अन्य पिछड़ा आयोग समेत विभिन्न आयोगों के सुझाव लेना चाहता है। समिति के सदस्य पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह ने बताया कि 24 मई को राजनीतिक दलों व विभिन्न आयोग के प्रतिनिधियों से चर्चा होगी। 25 मई को देहरादून के सभी प्रबुद्धजनों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों व मीडियाकर्मियों से विशेषज्ञ समिति मुखातिब होगी और यूसीसी पर उनके भी सुझाव लेगी।

## यात्रियों को सभामंडप से बाबा के कराए जाएंगे दर्शन

रुद्रप्रयाग। मौसम में पूरी तरह से सुधार होते ही केदारनाथ में यात्रियों की संख्या बढ़ने पर उन्हें मंदिर के सभामंडप से बाबा के दर्शन कराए जाएंगे। साथ ही ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर वापस लौट सके, इसके लिए दर्शन का समय भी एक घंटे बढ़ा दिया जाएगा।श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने अपनी कार्ययोजना तैयार कर दी है। इन दिनों धाम में यात्रियों की संख्या कम होने पर उन्हें गर्भगृह से ही दर्शन कराए जा रहे हैं। 25 अप्रैल से शुरू हुई केदारनाथ यात्रा में अभी तक 122996 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। कपाट खुलने के दिन धाम में 18335 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे, जो अभी तक एक दिन में सबसे अधिक संख्या है। इसके बाद बीच के दो दिनों में 16-16 हजार व बाद के दिनों में 12 से 13 हजार के बीच संख्या रही। बीते बुधवार को पैदल यात्रा बंद होने के बाद भी केदारनाथ में 6888 यात्रियों ने दर्शन किए हैं। नौ दिनों की यात्रा में प्रतिदिन औसतन 13 हजार, 600 से अधिक श्रद्धालुओं ने धाम पहुंचकर दर्शन किए हैं। आने वाले दिनों में मौसम के पूरी तरह से साफ होने पर धाम में प्रतिदिन यात्रियों की संख्या का अनुमान 30 हजार तक पहुंचने की उम्मीद है। बीते दिनों हुए पंजीकरण भी यही स्थिति बयां कर रहे हैं। इन बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए अपनी कार्ययोजना भी तैयार कर दी है। तब, धाम में सभी यात्रियों को मंदिर के सभामंडप से ही बाबा केदार के दर्शन कराए जाएंगे। साथ ही दर्शन का समय एक घंटे बढ़ा दिया जाएगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर सके।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

# बागेश्वर के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी की जिपं सदस्यता समाप्त

## वित्तीय अनियमितताओं का आरोप,पांच साल तक चुनाव लड़ने पर लगी रोक

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बागेश्वर जिपं में पहली बार पंचायती राज विभाग द्वारा मौजूदा जिपं सदस्य एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पर बड़ी कार्रवाई हुई है। पूर्व जिपं अध्यक्ष व वर्तमान शामा क्षेत्र के सदस्य हरीश ऐठानी को सदस्य पद से हटा दिया है। साथ ही उन्हें पांच साल के लिए पंचायत चुनाव लड़ने पर अयोग्य घोषित किया गया है। उन पर अध्यक्ष पद पर रहते हुए वित्तीय नियमों का उल्लंघन करने की पुष्टि हुई है। पत्र जारी होने के दिन से ही उनकी सदस्यता समाप्त मानी गई है। पंचायतीराज सचिव नितेश कुमार झा के हस्ताक्षर से 28 अप्रैल को जारी पत्र के अनुसार पूर्व विधायक शेर सिंह गढ़िया ने 29 सितंबर 2017 को शासन को पत्र लिखकर 2014-15 में जिला पंचायत में हुई अनियमितताओं की जांच की मांग की थी। उन्होंने पत्र में निर्माण कार्य योजनाओं के लिए निविदा की सामग्री (सीमेंट, सरिया, ईट, जीआई पाईप) की आपूर्ति बिना जिला पंचायत सदन में प्रस्ताव पारित कराए, राज्य वित्त/जिला निधि/पर्यटन विभाग से बिना नियम प्रक्रिया किसी एक ठेकेदार को बिना निविदा प्रक्रिया किए एक ठेकेदार को दिए जाने, बिना तकनीकी परीक्षण कराए पुलों/पैदल मार्गों का निर्माण, पीटीए अध्यापकों की नियुक्ति, पिंडारी रोड आरे में ध र्मकांटा स्थापित किए जाने, मुख्यमंत्री राहत कोष से विद्यालयों के मरम्मत आदि कार्यों में अनियमितता के आरोप लगाए थे। शिकायती पत्र के आधार पर तत्कालीन डीएम को मामले की प्रारंभिक जांच की। डीएम ने जांच की आख्या कुमाऊं मंडलायुक्त को सौंपी। डीएम की प्रारंभिक जांच और मंडलायुक्त की विस्तृत जांच आख्या में अनियमिताओं की पुष्टि होने पर ऐठानी को कारण बताओ नोटिस दिया गया था। प्रकरण में आयुक्त कुमाऊं मंडल की अंतिम जांच आख्या में तत्कालीन जिपं अध्यक्ष/ वर्तमान जिपं सदस्य पंचायतीराज अधिनियम की धारा 109 के तहत अपने कर्तव्यों का सम्यक रूप से निर्वहन करते नहीं पाए गए। जिसके आधार पंचायतीराज सचिव ने राज्यपाल की आज्ञा के बाद ऐठानी की सदस्यता समाप्त करने का आदेश जारी किया है। साथ ही उनके पांच साल के लिए पंयायती चुनाव लड़ने पर भी रोक लगाई है। जिलाधिकारी अनुराधाा पाल ने बताया कि पंचायतीराज सचिव का उन्हें गुरुवार को पत्र मिला है। जिसमें राज्यपाल के आदेश के बाद जिला पंचायत सदस्य हरीश ऐठानी की सदस्यता समाप्त करने के आदेश जारी है। साथ ही पांच साल तक के लिए उन्हें पंचायती चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य ठहराया गया है। पत्र जारी होने के दिन से ही उनकी सदस्यता समाप्त की गई है। जिला प्रशासन इस आदेश का पालन कराएगा। वहीं सदस्यता समाप्त किए जाने के आदेश पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं मौजूदा शामा जिला पंचायत सदस्य हरीश ऐठानी ने कहा कि उनके पास कोई लिखित पत्र नहीं आया है। पत्र आने के बाद विधिक राय दी जाएगी। राय लेने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# निकाले गये श्रमिकों ने विधायक से लगाई गुहार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।पीडीपीएल वर्कर्स यूनियन के मजदूर ट्रेड यूनियन नेता ऐक्टू नेता ललित मटियाली के नेतृत्व में विधायक शिव अरोड़ा से मिले व ज्ञापन सौंपकर समाज ऑटोमोटिव फैक्टरी द्वारा गैर कानूनी तरीके से निकाले गए 41 स्थायी श्रमिकों को बहाल करवाने की मांग की। इस दौरान पीडीपीएल वर्कर्स यूनियन प्रकाश सिंह चिलवाल ने विधायक से कहा कि रुद्रपुर क्षेत्र के 41 स्थाई मजदूर व उनका परिवार समाज आटोमोटिव कंपनी की गैरकानूनी गेट बंदी के बाद भुखमरी के कगार पर आ गया है। 15 दिन से 41 मजदूर कंपनी गेट के आगे ड्यूटी का इंतजार करते हुए सुबह से शाम तक बैठे रहते हैं लेकिन कंपनी मालिक को किसी प्रकार दया व शर्म का भाव नहीं है। कंपनी मालिक अपनी कानूनी व नैतिक जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहा है। ऐसे में हम 41 मजदूर क्या करें कहां जाएं? कंपनी मालिक एलसी महोदय के समक्ष ही कानून -नियमों को ठेंगा दिखा रहा है। कंपनी की गलती साबित होने के बावजूद मजदूरों को काम पर रखने के लिए तैयार नहीं है । फिर भी उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। अचानक से मजदूरों को सड़क पर ला देना मजदूरों के साथ अन्याय व उत्पीड़न है। कंपनी वाले द्वारा हम मजदूरों का मानसिक वह आर्थिक उत्पीड़न किया जा रहा है। विधायक ने आश्वासन देते हुए एएलसी को फोन किया और कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ज्ञापन देने वालों में यूनियन अध्यक्ष प्रकाश सिंह चिलवाल, ललित मटियाली, जयशंकर ,जयपाल सिंह,धर्मेंद्र पटेल, चरन सिंह, आदि लोग मौजूद थे।



# नर्सिंग कॉलेज में प्रतिज्ञा समारोह आयोजित

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी ने पिथौरागढ़ स्थित गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रतिज्ञा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। उन्होंने प्रतिज्ञा समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने नार्सिंग के विद्यार्थियों को नर्सिंग अधिगम कार्य को रुचि पूर्ण ढंग से करने के लिए प्रेरित किया। वहीं कॉलेज की प्रधानाचार्य रेनु शर्मा द्वारा नर्सिंग के फर्स्ट सेमेस्टर के विद्यार्थियों को नर्सिंग अध्ययन कार्य को इमानदारी पूर्वक करने की शपथ दिलाई गई। समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गये। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज पिथौरागढ़ के प्रधानाचार्य अरविंद बरौनिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।




# गोलीकाण्ड के मामले में फरार ईनामी गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आपसी विवाद में हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने फरार ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को खुलासा करते हुए एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि शानू प्रताप निवासी बगवाड़ा ने बताया था कि 29 मई 2022 को वह अपने भतीजे मोहित कुमार जो फुलसुंगी मार्ग स्थित एक अस्पताल में भर्ती था। उसे खाना देने जा रहा था। जिसका इंस्टाग्राम में किसी लड़की को लेकर 28 मई को शिवम और सूरज मिस्त्री के साथ फोन पर विवाद हो गया था। बताया कि सूरज मिस्त्री, निवासी शिवनगर अपने साथी संजय चौहान व पंकज के साथ बाइक पर बैठकर अस्पताल आए और उससे गाली गलौच करने लगे। इसी दौरान आरोपियों ने फोन कर अपने दोस्तों को भी बुला लिया। साथियों के आने पर सूरज मिस्त्री ने हमला करते हुए तमंचा निकाल गोली मारने का प्रयास किया,तो उसने तमंचा छीन लिया और आत्मरक्षा में उसी तमंचे से गोली चला दी। जिससे आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस को तमंचा सुपुर्द करते हुए मुकदमा पंजीकृत करवाया था। एसपी सिटी ने बताया कि प्रकरण में मनोज चौहान, हिमांशु उर्फ जस्सी, विवेक परगाई,विशाल श्रीवास्तव सहित एक नाबालिग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। मगर मुख्य हमलावर पंकज यादव निवासी ग्राम उच्छा थाना कोशाली जिला रेवाडी हरियाणा फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के काफी प्रयास किए गये। फरारी के दौरान उस पर 15000 हजार का ईनाम घोषित किया गया था। विगत रात्रि पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी आवास विकास इलाके में घूमता हुआ दिखाई दिया। जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



# प्रदेश के पांच जिलों में बारिश की संभावना

देहरादून। उत्तराखंड के पांच जिलों में आज यानी शुक्रवार को हल्की बारिश होने की संभावना है। जबकि प्रदेश के अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग ने प्रदेश के 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना भी जताई है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार पांच और छह मई को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में कहीं-कहीं हल्की बारिश और गर्जन होने की संभावना है। जबकि सात मई को सभी जिलों के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। कुछ एक स्थानों पर आकाशीय बिजली चमकने के साथ ओलावृष्टि और 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की भी आशंका है।

# दृढ़ता पूर्वक परमात्मा का नाम,जप भव रोगों की अचूक औषधि : हरि चैतन्यपुरी

## गढीनेगी पधारने पर श्री हरि चैतन्यपुरी का भव्य स्वागत

गढीनेगी (उद संवाददाता)।श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहां श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि कुमति को त्याग कर सुमति के पथ का अनुसरण करें। जहां सुमति होती है वहां सुख संपत्ति आती है, जहां कुमति होती है वहां विपत्तियां मंडराने लगती हैं। जब मित्र शत्रु तथा शत्रु मित्रवत लगने लगे तो समझो कुमति उजागर हो रही है। जो हमारे विनाश का कारण बनेगी। सद्गुरु से प्राप्त प्रभु नाम जप कर व कल्याणमय मार्ग पर चलने से व्यक्ति अवश्य ही भवसागर से पार उतर सकता है। दृढ़ विश्वास पूर्वक परमात्मा का नाम, जप भव रोगों की अचूक औषधि है।उन्होंने कहा कि अभय होने के लिए व्यवहारिक उपाय है अपना काम ईमानदारी व सच्चाई से करो, फिर सांच को आंच नहीं। भय के हजारों रूप हैं। हजारों अवैध संताने हैं भय की कहाँ तक गिनायें बीमारी का भय, रोटी का भय, इज्जत का भय, दुघर्टनाओं का भय, शरीर को मुत्यु का भय, रूप को बुढापे का भय, भोग को रोग का भय, धन को नष्ट होने का भय, चोर को सरकार का भय, शास्त्र में शास्तार्थ का भय, शेर को सवाशेर का भय, कुल के नष्ट होने का भय इत्यादि। अभय तो एकमात्र वैराग्य में ही है।आकांक्षा, निराशा, ईर्ष्या, जलन, नफरत, हताशा, हीनता, घमंड, दर्प , अभिमान ये भी भय के ही रूप हैं। अच्छा हुआ जो सागर के किनारे खड़े जहाज में चेतना नहीं है। वह जड़ है अन्यथा वह सागर की लहरों के भय के कारण यात्रा पर आगे जा ही नहीं पाता। समुंदरी जीवों के भय के कारण अन्दर उतरने का भी साहस न जुटा पाता। काँपता हुआ भयभीत जहाज सागर तट पर ही डूब जाता। उन्होंने कहा भय से तभी तक डरना चाहिए जब तक वह ना आये तथा भय आये तो उससे भय कैसा उस समय भय का तो डटकर मुकाबला करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधर्माचरण करने वाले कुमार्गगामी लोगों का संग त्यागकर, जितेंद्रिय, श्रेष्ठ महापुरुषों का संग व उनकी सेवा करके अपने जीवन को कल्याणमय बनाएं। क्योंकि सत्पुरुषों का आचरण व कार्य सदैव अनुकरणीय होता है। उन्होंने कहा कि सत्संग का प्रकाश हमारे अंतर्मन को प्रकाशित करता है और हमें भी उस ज्ञान रूपी प्रकाश को अपने अंतर मन में धारण कर परमपिता परमेश्वर को पाने का प्रयास करना चाहिए। मगर जब तक सत्य का संग नहीं होगा सत्संग से भी कोई लाभ प्राप्त हो नहीं सकेगा। जिस प्रकार सूरज की किरणें हमें तब तक लाभ नहीं पहुंचा सकती जब तक कि हमारे घरों की खिड़की दरवाजे बंद रहेंगे। ठीक उसी प्रकार हम गुरु व परमात्मा की कृपा के अधिकारी तभी बन सकते हैं जबकि हम उनके द्वारा दिए गए ज्ञान रूपी प्रकाश को अपने अंतर्गत में उतारेंगे। अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्र मुग्ध व भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व श्री गुरु महाराज कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैय्या की जय जयकार से गूँज उठा।



# पांच बच्चों का राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में चयन

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के प्रतिष्ठित स्वामी इंस्टीट्यूट संस्थान में अध्ययनरत कान्हा,आयुष,अक्ष,अरुण्या व आरती कंबोज का चयन राजीव गांधी नवोदय विद्यालय खटीमा के लिए हो गया है। संस्थान के प्रबंधक विशाल सक्सेना ने बताया कि उनकी संस्था से हर वर्ष दर्जनों बच्चों का चयन घोड़ाखाल, जवाहर नवोदय, राजीव गांधी नवोदय व प्रेमा जागाती में होता है। विशाल सक्सेना व समस्त स्टाफ ने बच्चों को उपहार प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर पूनम सक्सेना, अभिषेक सक्सेना, वैभव , शीना खेड़ा, डॉली गुम्बर, पलक सूद, पलक बठला, मोना, शिवा के अलावा बच्चों के अभिभावकगण मौजूद थे।





# हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने मुलाकात की। अध्यक्ष श्री बिंद्रा ने राज्यपाल को हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने राज्यपाल को 17 मई को ऋषिकेश से पांच प्यारों की अगुवाई में प्रथम जत्थे को रवानगी हेतु भी आमंत्रित किया, जिससे हेमकुंड साहिब यात्रा 2023 का आगाज होगा। राज्यपाल ने श्री बिंद्रा से हेमकुंड साहिब यात्रा की तैयारियों और यात्रा मार्गों में चल रहे निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा कि हमारा प्रयास रहे कि श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम और सुरक्षित हो। यात्रा मार्गों पर मूलभूत सुविधाओं की कमी न होने पायें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा यात्रा के बेहतर प्रबंध किए गए हैं। इस दौरान श्री बिंद्रा द्वारा जानकारी दी गई कि सरकार द्वारा मुख्य रूप से निर्माण कार्यों में हेमकुंड साहिब में हेलीपैड का निर्माण किया गया है। गोविंद घाट से हेमकुंड



साहिब 06 किलोमीटर के मार्ग पर रेलिंग निर्माण, गोविंद घाट से 05 किलोमीटर तक का पुलना सड़क मार्ग और वहां पर टैक्सी चालकों के लिए पार्किंग बना दी गयी है। इसके अलावा यात्रा मार्गों में सुलभ शौचालयों का निर्माण और कई स्थानों पर सड़कों के चौड़ीकरण और सुधारीकरण का कार्य भी किया गया है। वहीं श्रद्धालुओं के लिए मेडिकल सुविधाएं भी उपलब्ध करायी गयी हैं। अध्यक्ष ने बताया कि यात्रा मार्ग में 10 रेन शेल्टर शैड बैंच सहित यात्रियों के बैठने के लिए तैयार किए गए हैं व कुछ स्थानों में सुरक्षा दीवार के कार्य किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि गुरूद्वारा ट्रस्ट द्वारा भी श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए गुरूद्वारा पड़ाव में कई कार्य किए गए हैं। इनमें गोविंद घाट में 71 कमरों के नवीनीकरण और ऋषिकेश में नए 40 एसी कमरों का निर्माण किया गया है। वहीं दोनों स्थानों में लंगर हॉल के नवीनीकरण का कार्य भी किया गया है।

# रोजगार बढ़ाने के लिये कलस्टर आधारित योजनाओं को बढ़ावा दिया जाये: डा. नेगी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उपाध्यक्ष ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग डॉ.एसएस नेगी ने जनपद के चहुॅमुखी विकास एवं पलायन रोकथाम से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बैठक विकास भवन सभागार में ली। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के चहुॅमुखी विकास हेतु कलस्टर आधारित योजनाओं को बढ़ावा दिया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि वर्तमान में बाजार मांग के आधार पर जनपद के किसानों को पुष्प उत्पादन के लिए प्रेरित किया जाये तथा बाजार की मांग व आश्यकताओं के बारे में विस्तार से जागरूक किया जाये। उन्होंने कहा कि किसानोंको अच्छी किस्म के बीजों का वितरण समय से किया जाये और बीज की गुणवत्ता के साथ समझौता न हो ताकि फसल उत्पादन अच्छा हो। उन्होंने कहा कि टिसू कल्चर लेब स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जाये। उन्होंने कहा कि जनपद में पर्यटकों को आकर्षित करने की दिशा में कार्य किये जाये। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही रोजगारपरक योजनाओं के लाभ पात्र व्यक्तियों तक आसानी से पहुँचता है। उन्होंने कहा कि पीएमईजीपी योजना युवाओं के लिए अत्यन्त लाभकारी है। उन्होंने बीएलबीसी की बैठकों में उद्योग विभाग के प्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने के निर्देश दिये। उन्होंने



रीप द्वारा पायलट प्रोजेक्ट बेस पर किये जा रहे कार्यों की प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि फील्ड कर्मियों को स्पष्ट पता होना चाहिए कि किस प्रकार और कौनसे कार्य करने हैं तथा ब्लॉक स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा बैठकें आयोजित की जायें। बैठक में ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, कृषि, मत्स्य, उद्यान, सहकारिता, उद्योग, चिकित्सा, शिक्षा, पर्यटन आदि विभागों द्वारा महत्पूर्ण सुझाव देने के साथ ही विभिन्न चुनौतियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। बैठक में उपायुक्त ग्राम्य विकास डॉ.जीएस खाती, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिम्वाल, जिला पंचायतराज अधिकारी आरसी त्रिपाठी, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# पीडीपीएल मजदूर यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल श्रमिक संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष दिनेश तिवारी के नेतृत्व में पीडीपीएल मजदूर यूनियन के नेता एसडीएम से मिले और ज्ञापन सौंपकर समाज ऑटोमोटिव फैक्टरी द्वारा निकाले गए गैर कानूनी तरीके से निकाले गए 41



स्थायी श्रमिकों को बहाल करने की मांग की। इस दौरान अपनी बात रखते हुए संयुक्त श्रमिक मोर्चा अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने उप जिलाधिकारी को बताया कि पीडीपीएल फैक्ट्री के मालिक ने 1 अप्रैल से फैक्ट्री बेच दी व नये मालिक ने समाज आटोमोटिव के नाम से कंपनी का नाम रख दिया और 20 दिनों तक पुराने स्थाई व अस्थाई श्रमिकों से कार्य कराया। लेकिन 21 अप्रैल से 41 स्थाई मजदूरों को काम पर आने से रोक दिया। 21 अप्रैल को जब एएलसी महोदय के समक्ष विवाद उठा तो नए मालिक, पुराने मालिक और श्रमिकों की त्रिपक्षीय वार्ता में नए मालिक ने कबूल किया कि प्रशासनिक स्तर पर फैक्ट्री संचालन के लिए लाइसेंस और कब्जा लेने की कानूनी प्रक्रिया को पूर्ण नही किया गया है और ठेके के अनट्रेंड मजदूरों से निरंतर भारी मशीनों पर काम लिया जा रहा है । जोकि गैरकानूनी है। उप जिला अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए फोन पर एएलसी और सिडकुल फैक्ट्री कार्यालय से श्रमिक नेताओं के कथनों पर समाज आटोमोटिव फैक्ट्री के संचालन की प्रक्रिया की स्थिति जानी तो दोनों अधिकारीगण ने सहमति जताई कि समाज आटोमोटिव द्वारा कारखाना संचालन व कब्जा लेने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई है। जिस पर गंभीरता से व्यवहार करते हुए उप जिलाधिकारी महोदय ने सिडकुल चौकी इंचार्ज पंकज कुमार को फोन करके समाज आटोमोटिव कारखाने के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पीडीपीएल वर्कर्स यूनियन अध्यक्ष प्रकाश सिंह चलवाल ने गैरकानूनी तरीके से निकाले गए 41 स्थाई श्रमिकों के हितों और रोजगार को सुरक्षित करने की मांग जिलाधिकारी से की। ज्ञापन देने वालों में दिनेश तिवारी , भाकपा (माले) जिला सचिव ललित मटियाली, यूनियन अध्यक्ष प्रकाश सिंह चिलवाल, अरविंद वर्मा, जयशंकर ,जयपाल सिंह , नरेंद्र चौहान , उपेंद्र आदि लोग मौजूद थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र और तीरथ सिंह रावत श्रद्धांजलि देने दिवंगत मंत्री के आवास पहुंचे

बागेश्वर(उद संवाददाता)। प्रदेश के दो पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावतऔर तीरथ सिंह रावत दिवंगत कैबिनेट मंत्री स्व.चंदन राम दास के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिवारजनों को सांत्वना



देने स्व.दास के घर पहुँचे।पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह और तीरथ सिंह रावत ने स्व. दास के आकस्मिक निधन पर शोक जताया। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत ने स्व.दास को कुशल राजनीतिज्ञ,वाकपटु, सरल ह्दय का धनी बताते हुए सम्प्रभाव की दृष्टि से सभी के हितों के लिए सोच रखने वाले हँसमुख प्रतिभा का धनी बताया। साथ ही शोक संतृप्त परिजनों को सांत्वना दी,वही पूर्व मुख्यमंत्री और गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने कहा कि राजनीति में उनके अनुभवों और कुशल वक्ता और अपनी प्रतिभा से सभी को आकर्षित करने की कुशल शैली से आमजन में उनकी अमिट छाप रही है। वही शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया, जिपं अध्यक्ष बसंती देव,पूर्व दर्जा राज्यमंत्री शमशेर सिंह सत्याल, भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, महामंत्री सजंय परिहार, भाजपा नेता पृथ्वीराज चौहान,मनोज ओली, पीएसओ शिवचरण सिंह रावत, पीआरओ विपिन सिंह आदि ने भी स्वर्गीय चंदन राम दास के निधन पर शोक व्यक्त किया।

# अग्निशमन विभाग ने बजाज ऑटो में किया मॉक ड्रिल

## एसएसपी ने अग्नि सुरक्षा जागरुकता की दी जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में गत सायं सिडकुल क्षेत्र अंतर्गत स्थित मै. बजाज ऑटो कंपनी लिमिटेड सेक्टर 10 की औद्योगिक इकाई में मॉक ड्रिल हुए फायर स्टेशन सिडकुल पंतनगर से एक फायर यूनिट तुरंत घटनास्थल हेतु रवाना किया गया एवं घटनास्थल पर पहुंचकर देखा गया कि आग बजाज ऑटो कंपनी के गुरुकुल ट्रेनिंग सेंटर करते हुए घटित अग्निकांड पर काबू पाया एवं ट्रेनिंग सेंटर में फसे हुए कर्मचारी को जो अचेत अवस्था में था, उसे सुरक्षित रेस्क्यू कर लाया गया एवं उपचार हेतु हॉस्पिटल रवाना किया के सेफ्टी ऑफिसर महेश शर्मा द्वारा फायर यूनिट सिडकुल पंतनगर एवं विभिन्न कंपनियों से आई टीमों एवं कर्मचारियों को ब्रीफ कर अग्निशमन दृष्टिकोण से राहत एवं





का आयोजन किया गया। जिसमे बजाज ऑटो कंपनी के गुरुकुल ट्रेनिंग सेंटर एरिया में आग लगने एवं एक व्यक्ति के अंदर फंसे होने की सूचना प्राप्त हुई । सूचना को अमल में लाते एरिया के प्रथम तल पर लगी थी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी वंश बहादुर यादव द्वारा घटनास्थल पर मौजूद फायर सर्विस सिडकुल पंतनगर एवं बजाज की फायर यूनिट का नेतृत्व गया । मुख्य अग्निशमन अधिकारी वंश बहादुर यादव, एफएसएसओ सिडकुल, बजाज कंपनी के प्लांट हेड अरुण टोंग, सिडकुल एसोसिएशन के अध्यक्ष आशुतोष शर्मा एवं बजाज बचाव व अग्नि सुरक्षा संबंधी सुझाव व जानकारी प्रदान की गई। सिडकुल क्षेत्र अंतर्गत स्थित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों से आये 1357 कर्मचारी ने मॉक ड्रिल में प्रतिभाग किया।

# फेरी व्यवसाइयों को योजनाओं का लाभ देने को कैंप आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम हल्द्वानी काठगोदाम में पीएम सुनिधि स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर योजना अंतर्गत फड़ फेरी व्यवसायियों को लाभ पहुंचाने हेतु कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में फेरी व्यवसायियों को 10 हजार एवं 20 हजार के ऋण आवेदन फार्म भरे गए। जिसमें फेरी व्यवसायियों को 7 प्रतिशत केंद्र एवं 2 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा ब्याज पर अनुदान दिया जा रहा है। इसके साथ-साथ



महापौर डा. जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला द्वारा फेरी व्यवसायियों को पहचान पत्र भी वितरित किए गए। जो नगर निगम द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। योजना के अंतर्गत फेरी व्यवसायियों को लाभ पहुंचाए जाने हेतु स्व निधि से समृद्धि कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें फड़ फेरी व्यवसायियों को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही 8 योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस मौके पर महापौर द्वारा बताया गया कि सरकार फेरी व्यवसायियों हेतु अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जिससे उनके सामाजिक और आर्थिक कल्याण किया जा सके।

ANANT GRAPHICS
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला डोली यात्रा का रूद्रपुर में जोरदार स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व कैबिनेट मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी के नेतृत्व में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पूरे प्रदेश में निकाली जा रही बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला डोली यात्रा का बृहस्पतिवार को रूद्रपुर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने जगदीशिला के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जगदीशिला डोली रथ यात्रा के दर्शनों के लिए भक्तों की भारी भीड़ जुटी। इस दौरान विधि विधान से डोली की पूजा की गई। इसके बाद डोली यात्रा अटरिया मंदिर के लिए विशोन पर्वत पहुंचती है। यात्रा के दौरान लोग डोली के दर्शन करते हैं और अपने जीवन के लिये सुख, समृद्धि की कामना करते हैं। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला डोली यात्रा संपूर्ण उत्तराखंड का भ्रमण जगदीशीला तीर्थ स्थल पर यात्रा का समापन होगा। उन्होंने बताया कि यात्रा 24वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। डोली रथ यात्रा का उद्देश्य राज्य के विकास को गतिशील बनाने, विश्व शांति की कामना, पर्यावरण संरक्षण संवर्धन तथा मिलती है वही देव दर्शन और आशीर्वाद से धर्म प्रेमी परिवारों में सुख व समृद्धि का वास होता है। उन्होंने कहा कि यात्रा जन कल्याण के लिए निकाली जा रही है इसके सार्थक परिणाम सामने आयेंगे। महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि लिए भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़ते हैं। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर में यात्रा का रात्रि विश्राम होना यहां के लिए सौभाग्य की बात है। पांच मंदिर के बाद अटरिया मंदिर में मेयर रामपाल सिंह समेत तमाम लोगों ने डोली यात्रा का जोरदार स्वागत







जोरदार स्वागत किया गया। डोली यात्रा के पांच मंदिर पहुंचने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा एवं महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वहीं सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर की अगुवाई में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर डोली का स्वागत किया। रवाना हुई। इस दौरान यात्रा के संयोजक पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने बताया कि तीन मई से शुरू हुई यह यात्रा पूरे राज्य में भ्रमण करेगी। उन्होंने बताया कि यह देव डोली टिहरी गढ़वाल के विशोन पर्वत से हरिद्वार लाई जाती है। तीन मई को हरिद्वार से यात्रा का शुभारम्भ हुआ। यह यात्रा राज्य के विभिन्न स्थानों से होते हुये करेगी। साथ ही विश्व प्रसिद्ध चारधाम गंगोत्री, यमुनोत्री, बदरीनाथ, केदारनाथ के दर्शन भी करेगी। डोली रथ यात्रा कुमांऊ में भ्रमण करने के बाद 11 मई को गैरसैंण से गढ़वाल मंडल में प्रवेश करेंगी। जिसके बाद 30 मई को गंगा दशहरा के अवसर पर विशोन पर्वत पर स्थित भगवान विश्वनाथ मां वन भूमि को उपयोगी बनाने के साथ ही जड़ी-बूटी प्रोत्साहन एवं वेद पुराणों की संस्कृत भाषा की उत्पत्ति एवं विभिन्न धार्मिक धामों से प्लास्टिक एवं पॉलीथिन प्रतिबंधित करने हेतु किया जा रहा है। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा इस तरह की धार्मिक यात्राओं से जहां मन को सुकून को शांति पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी के नेतृत्व में पिछले चौबीस वर्षों से निकाली जा रही भगवान विश्वनाथ मां जगदीशीला डोली यात्रा प्रदेश भर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केन्द्र है। यह यात्रा अपना विशेष महत्व रखती है जिसके चलते यह यात्रा लगातार लोकप्रिय होती जा रही है। हर वर्ष इस रथ यात्रा के स्वागत के किया। इस दौरान डोली को कंधे पर उठाने की होड़ लगी रही। स्वागत करने वालों में पांच मंदिर कमेटी के अध्यक्ष महेश बबर एवं पदाधिकारी पार्षद मोहन खेड़ा, अर्जुन विश्वास, सुनील आर्य, गोपाल भसीन, सतीश कुमार, ममता रानी, उमा सरकार, सपना गिल, नवीन पंत, अमन जौहरी, राजकुमार भुसरी आदि मौजूद थे।

# नगर निगम चलायेगा वृहद सफाई अभियान

## सभी वार्डो में सफाई व कीटनाशक दवाओं का भी होगा छिड़काव

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गर्मी के सीजन और आगामी मानसून को देखते हुए नगर निगम शीघ्र ही शहर में वृहद स्वच्छता अभियान और कीटनाशक छिड़काव का अभियान चलायेगा। नगर निगम में आयोजित बैठक में मेयर रामपाल सिंह ने इसे लेकर ससम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। अपने कार्यालय में मेयर रामपाल सिंह ने समस्त सफाई सुपरवाईजरों की बैठक लेकर युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चलाने को निर्देश इस दौरान मेयर रामपाल ने कहा कि गर्मी के सीजन में संक्रामक बिमारियां फैलने का खतरा बना रहता है। मच्छर जनित रोग जैसे डेंगू और मलेरिया फैलने की संभावना भी बनी रहती है। साथ ही मानसून के दौरान जलभराव की संभावना भी बनी रहती है। इसे देखते हुए शहर में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलायें। उन्होंने कहा कि शहर का कोई भी कोना



सफाई अभियान से अछूता नहीं रहना चाहिए। सभी वार्डो मे सफाई अभियान चलाने के साथ साथ कीटनाक, मैलाथिन छिड़काव एवं मच्छरों का प्रकोप रोकने के लिए फागिंग भी करायी जाये। मेयर ने कहा सफाई अभियान और फागिंग में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि गर्मी के सीजन में सफाई सबसे ज्यादा जरूरी है। इसमें किसी भी तरह की कोताही नजर आयी तो कार्रवाई की जायेगी। साथ ही मेयर ने सभी सुपरवाईजरों से लोगों को भी जागरूक करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छता बनाने के लिए नागरिकों की सहभागिता भी जरूरी है। शहरवासियों के सहयोग के बिना शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाना असंभव है। उन्होनें कहा कि जो भी अनावश्यक रूप से इधर उधर गंदगी फैलाता है उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी करें। बैठक में सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, सेनेटरी इंस्पेक्टर अमित नेगी गौतम कुमार कर्म सिंह दानू,लक्ष्मण चौहान, राजीव,सुनील कुमार, रघुवीर,संदीप, राजपाल, महेंद्र सिंह धामी उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों ने सीएम आवास व सचिवालय घेरने की दी चेतावनी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोविड काल मे राजकीय मेडिकल कॉलेज, सुशीला तिवारी, बेस हॉस्पिटल में लगे चिकित्सा कर्मचारियों का अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कल 51वे दिन भी जारी रहा। कोविड कर्मचारियों ने कहा कि शासन प्रशासन कोविड कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों के बारे में



कोई भी विचार नही कर रही है। साथ ही उनको 28 अप्रैल को सचिवालय कूच में आश्वासन दिया गया था कि मुख्यमंत्री से 2 मई को मिलाया जाएगा। अभी तक उनको नही मिलाया गया है। कोई भी कर्मचारियों के बारे संज्ञान ले रहे है। उन्होंने कहा अगर सरकार द्वारा जल्दी ही कोई कार्यवाही नही की जाती है तो 1600 कर्मचारी मुख्यमंत्री आवास ओर सचिवालय का घेराव करने को उग्र होंगे।

# शादी से लौट रहे स्कूटी सवार युवक की हादसे में मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस प्रशासन द्वारा मार्ग दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अभी तक किए गए सारे प्रयास सार्थक साबित नहीं हो रहे हैं। सड़क दुर्घटनाएं निरंतर जारी है। जिसमे भारी संख्या में लोगों की जान जा चुकी है। अब शादी से लौट रहे एक स्कूटी सवार युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। जवान बेटे की मौत के बाद शादी वाले घर में कोहराम मच गया। हादसे के बाद एक राहगीर ने युवक को सुशीला तिवारी अस्पताल में पहुंचाया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मुखानी थाना क्षेत्र में विगत एक स्कूटी सवार युवक संदिग्ध परिस्थितियों में फिसल गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को एक राहगीर ने सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा निवासी उम 28 वर्ष अभिषेक कुमार पुत्र गोविंद प्रसाद के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि वह एक होटल में शैफ का काम करता था। अभिषेक तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। मृतक अभिषेक के बड़े भाई की आगामी 15 मई को शादी होनी है। अभिषेक बुधवार रात एक शादी में गया था। जवान बेटे की मौत के बाद शादी वाले घर में कोहराम मच गया।

# राज्यपाल ने दी 'बुद्ध पूर्णिमा' की बधाई

देहरादून (उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने 'बुद्ध पूर्णिमा' के पावन अवसर पर देश एवं प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि भगवान बुद्ध ने विश्व को मानवता, अहिंसा, शांति व सेवा का संदेश दिया उनके दिखाए गए मार्ग पर चलकर मानव जीवन को कल्याणकारी बनाया जा सकता है। भगवान बुद्ध के विचार, सम्पूर्ण मानव जाति को नैतिक मूल्यों पर आधारित जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का प्रेम,सहनशीलता एवं करुणा का संदेश वर्तमान में भी प्रासंगिक है।

# नगर पंचायत लालपुर में भी अब डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने गुरूवार को जिला कार्यालय परिसर से 2 टिपर, 2 ई-रिक्शा तथा 1 ट्रैक्टर बैक लोडर को हरी झण्डी दिखाकर नगर पंचायत लालपुर के लिए रवाना किया। जिनका उपयोग नगर पंचायत लालपुर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर पंचायत के परिवहन बेड़े में कूड़ा उठाने वाले 2 टिपर, 2 ई-रिक्शा तथा 1 ट्रैक्टर बैक लोडर वाहन जुड़ गए हैं, जिससे घर-घर जाकर कूड़ा उठान



कार्य मे और अधिक आसानी होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वस्थ समाज की कल्पना स्वच्छता से ही साकार हो सकती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि स्वस्थ समाज एवं देश के निर्माण में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने जनता से अपील की कि गीले तथा सूखे कूड़े को अलग-अलग रखा जाये ताकि कूड़ा निस्तारण में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। इस दौरान अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, ओसी कलैक्ट्रेट मनीष बिष्ट, अधिशासी अधिकारी आरपी बेजवाल आदि उपस्थित थे।

# महाविद्यालय में पुरातन छात्र परिषद के गठन पर हुई चर्चा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पुरातन छात्र संगठन की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाविद्यालय के अनेक पुरातन छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। उद्घघाटन भाषण में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कमल किशोर पांडे ने विचार व्यक्त किए कि वर्तमान समय में ऐसी इकाई के गठन की आवश्यता है। इस इकाई के गठन हो जाने से पुरातन छात्र परिषद, महाविद्यालय की महत्त्वपूर्ण गतिविधियों में अपना योगदान दे सकेगा। पुरातन छात्र परिषद के संयोजक प्रो.रविंद्र कुमार सैनी ने अपने स्वागत भाषण में सभी आगंतुक पुरातन छात्र छात्राओं का अभिनंदन करते हुए इसके महत्त्व के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस परिषद के गठन होने से महाविद्यालय के अकादमिक नवाचार में उन्नति होगी। विकास शर्मा ने कहा कि पुरातन छात्र परिषद की कार्यकारिणी के सदस्य मुख्यमंत्री से मिल कर महाविद्यालय के विकास हेतु योजनाएं बनायेगे एवं कार्यान्वित करेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता भारत भूषण चुघ ने कहा कि हम मिलकर छात्रों एवं प्राध्यापकों की समस्याओं के समाधान हेतु कार्य करेंगे एवं महाविद्यालय हम सब इसके विकास हेतु कार्य करेंगे। पूर्व छात्र संघ पदाधिकारी हिमांशु शुक्ला ने कहा कि हम युवाओं के भविष्य निर्माण के लिए कैंपस इंटरव्यू कराएंगे। पूर्व छात्र





केविकास के लिए नई सम्भावनाओं की तलाश करेंगे। शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि यह महाविद्यालय हमारा परिवार है और संघ पदाधिकारी अभिनव छाबड़ा ने कहा कि कॉलेज की मिट्टी हमारे लिए चंदन है और हमें बौद्धिक वर्ग को भी जोड़ना चाहिए। जिससे यह संगठन मजबूती के साथ कार्य करेगा। कालेज की पूर्व छात्रा एवं वर्तमान में महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक पद पर कार्यरत इतिहास विभाग की डॉ. अपर्णा सिंह ने कहा कि महाविद्यालय में छात्राओ की संख्या अधिक है, अत: उनको ध्यान में रख कर विकास योजनाएं बनानी चाहिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगली बार बड़े पैमाने पर और अधिक संख्या में पुरातन छात्रों को एकत्र कर इसकी इकाई का गठन किया जाएगा।कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के वर्तमान छात्र संघ अध्यक्ष गौतम पपनेजा , सचिव रोहित भट्ट और कुमाऊँ विश्वविद्यालय छात्र संघ सचिव हिमांशु सिंह ने समस्त उपस्थित महाविद्यालय के पुराने वरिष्ठ छात्र छात्राओं का बैठक में आने लिए धन्यवाद ज्ञापन किया । बैठक में छात्र संघ के पूर्व पदाधिकारी लखवीर सिंह , प्रोफेसर नागेन्द्र शर्मा, प्रो. हेमलता, डॉ. अंचलेश कुमार, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. सुनील कुमार मौर्य, डॉ. प्रदीप कुमार, प्रो. सर्वजीत सिंह, प्रो. मनोज, प्रो. हरीश चंद्रा आदि उपस्थित रहे।

उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# बढ़ती नशे की तस्करी

युवाओं में बढ़ती नशे की लत को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। इसे रोकने के लिए कड़े कानून हैं, मादक पदार्थ निरोधक दस्ते सक्रिय देखे जाते हैं, इसके बावजूद न तो इनकी उपलब्धता में कमी आ पा रही है और न इनका सेवन करने वालों की संख्या में। महानगरों में नशे के इंजेक्शन और स्मैक की खेप के साथ आये दिन जब्त कर तस्करों को पकड़ तो लिया जाता है मगर इस तस्करी के लिये पीछे शह देने वाले भी बेनकब होने चाहिये। पुलिस के चैकिंग अभियान में इसके असली सूत्रधार पकड़ से बाहर ही रह जाते हैं क्योंकि कहीं न कहीं तस्करों को संरक्षण मिला हुआ है जो आये दिन बेखौफ होकर नशे का कारोबार में जुटे रहते हैं। एक ताजा अध्ययन में चिंता व्यक्त की गई है कि अगले एक दशक में दस से सत्रह साल की उम्र के किशोर बुरी तरह नशे की गिरफ्त में आ सकते हैं। मानसिक सेहत से जुड़े मुद्दों, कामकाज का दबाव, बढ़ता खालीपन और बदलती सामाजिक आर्थिक स्थितियों का इस वर्ग पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है। इसके चलते वे नशे की गिरफ्त में आसानी से आ जाते हैं। अध्ययन के मुताबिक नशे की बढ़ती लत का दायरा ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बढ़ेगा। भारत चूंकि सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है, इसलिए यह अध्ययन अधिक चिंता पैदा करने वाला है। इस पर काबू पाने के लिए अध्ययनकर्ताओं ने कुछ उपाय सुझाए हैं, जिनमें अभिभावकों, सामाजिक संस्थाओं की जिम्मेदारी रेखांकित की गई है। मगर जिस तरह नशीले पदार्थों का कारोबार तेजी से फैल रहा है, उसमें ये संस्थाएं प्राय: अशक्त ही नजर आती हैं। यह सच्चाई है कि किशोरावस्था में बहुत सारे लोग फिल्मी नायकों, अपने वरिष्ठों, परिवार के लोगों आदि को देख कर नशीले पदार्थों के प्रति आकर्षित होते हैं। फिर ऊब, खीझ, खालीपन, पढ़ाई-लिखाई, कामकाज के दबाव में इन पदार्थों का सेवन बढ़ाते जाते हैं। फिर वे इनके लती हो जाते हैं। अब तो महानगरों से लेकर छोटे शहरों तक में अवैध मादक पदार्थों की उपलब्धता लगातार बढ़ती गई है।यह छिपी बात नहीं है और नशीले पदार्थों की इतनी किस्में बाजार में सहज उपलब्ध हैं कि बहुत सारे किशोरों, युवाओं के लिए अब ये सामान्य उपभोग की वस्तु जान पड़ते हैं। अभिभावकों, अध्यापकों, रिश्तेदारों, परिचितों से छिप-छिपा कर ही ऐसे नशे का सेवन किया जाता है, इसलिए उनके लिए निगरानी रख पाना कठिन होता है। बहुत सारे अभिभावकों को तो तब इसकी भनक मिलती है, जब उनके बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी कोई गंभीर समस्या पैदा हो जाती है। तब तक उनकी लत पर अंकुश लगाने में काफी देर हो चुकी होती है, बहुत सारे किशोरों पर परामर्श वगैरह का भी असर नहीं हो पाता। वे आक्रामक हो जाते और हर वक्त गुस्से से भरे रहने लगते हैं। पिछले कुछ सालों में कई ऐसे मामले उजागर हो चुके हैं, जिनमें भारी मात्रा में मादक पदार्थों की खेप किसी बंदरगाह या दूसरे ठिकानों पर पकड़ी गई। उनके आधार पर अंदाजा लगाया जा सकता है कि मादक पदार्थों का कितना बड़ा कारोबार देश में फल-फूल रहा है। मगर जब भी ऐसे पदार्थों की खरीद-बिक्री पर रोक लगाने की बात होती है, तो छिटपुट जलसों वगैरह में कुछ लोगों को इनका सेवन करते पकड़ कर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान ली जाती है। हैरानी की बात नहीं कि कुछ मौकों पर इस कारोबार में कई राजनीतिक रसूख वाले लोगों के नाम भी उजागर हो चुके हैं। ऐसे में सरकारी तंत्र से ही अपेक्षा की जाती है कि वह किशोरों और युवाओं में मादक पदार्थों की बढ़ती लत पर लगाम लगाने की दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाए। जिस युवा पीढ़ी के बल पर देश के विकास का सपना संजोया जा रहा है, अगर वही नशे की गर्त में होगी, तो भला कैसे विकास होगा।

# कूड़ा निस्तारण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक संग्रहण हेतु जनप्रतिनिधियों से की चर्चा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। विकासखंड कार्यालय द्वाराहाट में ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित कूड़ा निस्तारण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक संग्रहण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विकास खंड के प्रमुख, ग्राम प्रधान तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं अन्य लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख द्वाराहाट दीपक किरोला द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यशाला में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, सार्वजनिक प्लास्टिक निस्तारण पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों को ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत की भूमिका से अवगत कराया गया। जिला विकास अधिकारी केएन तिवारी द्वारा कार्यशाला में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन में समुदाय की भूमिका, कूड़े के सोर्स एग्रीगेशन, कूड़ा एकत्रीकरण एवं निस्तारण में ग्राम पंचायत की भूमिका तथा न्याय पंचायत वार कूड़ा निस्तारण के लिए कूड़ा गाड़ी के रूट चार्ट निर्धारण में क्षेत्र पंचायत की भूमिका के संबंध में उपस्थित जनप्रतिनिधियों से चर्चा की गई। इस मौके पर ग्राम पंचाअल्मोड़ा विकास खंड कार्यालय द्वाराहाट में ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित कूड़ा निस्तारण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक संग्रहण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में विकासखंड के प्रमुख, ग्राम प्रधान



तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य सा।एट अन्य लोगों कोनप्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख द्वाराहाट दीपक किरोला द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यशाला में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, सार्वजनिक प्लास्टिक निस्तारण पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों को ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत की भूमिका से अवगत कराया गया। जिला विकास अधिकारी केएन तिवारी द्वारा कार्यशाला में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन में समुदाय की भूमिका, कूड़े के सोर्स एग्रीगेशन, कूड़ा एकत्रीकरण एवं निस्तारण में ग्राम पंचायत की भूमिका तथा न्याय पंचायत वार कूड़ा निस्तारण के लिए कूड़ा गाड़ी के रूट चार्ट निर्धारण में क्षेत्र पंचायत की भूमिका के संबंध में उपस्थित जनप्रतिनिधियों से चर्चा की गई। इस मौके पर ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत के 15वें वित्त आयोग द्वारा स्वच्छता मद हेतु टाइड फंड के अंतर्गत विवरण पर जिला पंचायत राज अधिकारी अल्मोड़ा द्वारासमस्तजनप्रतिनिधियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान खंड विकास अधिकारी द्वाराहाट संतोष जेठी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत द्वाराहाट कुंदन पुरी, प्रधान संगठन अध्यक्ष द्वाराहाट नारायण सिंह अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे। यत एवं क्षेत्र पंचायत के 15वें वित्त आयोग द्वारा स्वच्छता मद हेतु टाइड फंड के अंतर्गत विवरण पर जिला पंचायत राज अधिकारी अल्मोड़ा द्वारासमस्तजनप्रतिनिधियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान खंड विकास अधिकारी द्वाराहाट संतोष जेठी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत द्वाराहाट कुंदन पुरी, प्रधान संगठन अध्यक्ष द्वाराहाट नारायण सिंह अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री के इस्तीफे की मांगको लेकर कांग्रेसी मुखर

बागेश्वर(उद संवादाता)। कांग्रेस ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा की गई मारपीट की घटना की एक बार फिर से कड़े शब्दों में निंदा की है।मंत्री रहते सुरक्षा व्यवस्था होने के बाद भी स्वयं मारपीट पर उतरने की घटना और कानून का खुला उल्लंघन करने, अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सार्वजनिक स्थान पर मारपीट करने की घटना की कांग्रेस ने भृतर्सना की, यहां हुई सभा में वक्ताओ ने कहा कि उन्होंने कानून हाथ में लेकर प्रदेश को शर्मसार किया है। उन्होंने राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर उन्हें मंत्रीमंडल से बर्खास्त करने की मांग की है।जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला के नेतृत्व में कार्यकर्ता कलक्ट्रेट में पहुंचे। यहां जोरदार नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि कैबिनेट मंत्री अग्रवाल का असली



चेहरा सामने आ गया है।पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने सरेआम मंत्री द्वारा खुलेआम मारपीटकरने की घटना को निंदनीय बताया, वही संवैधानिक मर्यादा का पालन करते हुए सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने,और मंत्री पद से इस्तीफे की मांग की, सरेराह निर्दोश पर मारपीट में मंत्री की दबंगई से शुसासन का झूठा दावा करने वाली सरकार का असली चेहरा सार्वजनिक होने,सरकार के मंत्री की करनी से देवभमि में सत्ता की हनक दुरुपयोग होना दिखाई देता है, सरकार निरंकुश हो गई है। उनके मंत्री बेलगाम है। जिम्मेदार पदों में बैठकर मारपीट पर ऊतारू हो गए हैं। कार्यकर्ताओं ने मंत्री से सार्वजनिक माफी मांगने व सीएम धामी से मंत्रीमंडल से मंत्री को हटाने की मांग की है। इसके बाद प्रशासन के माध्मय से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण,पूर्व जिप अध्यक्ष हरीश ऐठानी, भुबन पाठक,कवि जोशी, राजेन्द्र टँगड़िया गिरी, गुड्डू पाठक, ललित बिष्ट, किशन कठायत, गोपा धपोला, पूजा व रेखा आदि मौजूद रहे।

# गर्मियों में रखें सेहत का ख्याल

गर्मियों का मौसम हमारे लिए लंबी, गर्म, कड़ी धूप भरे दिन, गर्मियों की छुट्टियां और विभिन्न प्रकार के फल व सब्जियां जो कि जलती तपती धूप से लडने में हमारी मदद करती हैं। अत्यधिक पसीने या उद्यम वाले व्यायाम करना विशेषकर गर्मियों के उच्च तापमान के कारण शरीर से तरल पदार्थ की कमी हो जाती है जैसी समस्याएं अपने साथ लाती है। जब हमारा शरीर पानी एकत्रित नहीं कर पाता, व्यक्ति इस समस्या से निकलने के लिए बहुत सारा पानी पीता हैं। पानी पीने का मतलब हो सकता है 6-9 गिलास से दुगना पानी पीना। हो सके तो 2 लीटर के करीब पानी पीए इससे अत्यधिक गर्मी की कमी कम हो सकती है। यह भी कहा जाता है कि जल ही जीवन है। यह हमारें लिए कितना पानी पीना महत्वपूर्ण है? अपर्याप्त पानी पीने से हाईपरफिल्ट्रेशन की समस्या जिस में गुर्दे नष्ट हो जाते है और गुर्दे की पथरी पनप सकती है। सामान्य गुर्दे की क्रियाओं को संचालित करने के लिए पर्याप्त पानी की मात्रा प्रति दिन 6 से 8 गिलास प्रमाणित की जाती है। लोग जिन्हें अत्यधिक प्यास लगती है, वह सामान्य लोग की तुलना में अत्यधिक पानी पीते है। पानी के अतिरिक्त कुछ स्वस्थपूर्वक पेय पदार्थ जैसे ठंडा सूप, फलों का रस और जूस भी बहुत लाभवर्द्धक पदार्थ माने जाते है। गर्मियों के दौरान जो पेयपदार्थ उपभोग किए जाते हैं उन में निम्नलिखित शामिल है। **ठंडे सूप:** गैजपैचो और कुकुम्बरपेय पदार्थ, लस्सी, आम रस, सत्तू, चन्ना, जल-जीरा, बदाम ठंडाई, नींबू पानी, अदरक का रस, बर्फ वाली चाय, नारियल पानी। शरबत और जूस, जामून, फालसे का शरबत, अंजीर रस, गुलाब का शरबत और कोकुम( दक्षिण भारतीय जूस जो इमली से बनता है) फलों का रस, अंजीर जूस, संतरे का रस, मिश्रित फलों का रस, अनार रस आदि। मिल्क शेक और योगहर्ट ड्रिंक्स सोया मिल्क शेक, दही, बटर मिल्क। पानी की कमी को ठीक करने के लिए फलों और सब्जियों में पर्याप्त मात्रा में जरूरी सभी प्रकार के पौष्टिक विटामिन और मिनरल एंटिऑक्सिडेंट तत्वों से भरपूर होते हैं। लगभग 85 प्रतिशत फल व सब्जियां पानी से भरपूर होती है। गर्मियों के कुछ फल व सब्जियां जो कि गर्मियों के दौरान मरकरी के बढ़ते स्तर पर काबू पाने में मदद करती हैं वह निम्न हैं। तरबूज में उच्च पानी तत्व लगभग 90 प्रतिशत और चीनी की लगभग 8 प्रतिशत की मात्रा होने के कारण यह गर्मियों के लिए एक आदर्श फल माना जाता है। इसके अतिरिक्त तरबूज उस



बीमारी जो पौष्टिक तत्वों को बचाती है का सबसे महत्वपूर्ण तत्व है, विटामिन सी और पोटैशियम जो कि पानी के संतुलन को व्यवस्थित करते हैं में भी बहुत महत्वपूर्ण होता है। खीरा, ककड़ी भी गर्मियों में ताजगी प्रदान करने के लिए भी बहुत अच्छी सब्जी है क्यों कि इस में भी पानी की अत्यधिक मात्रा होती है। खट्टे रस वाले फल जैसे संतरा, नींबू, अंगूर, अमरूद विटामिन सी के एक अच्छे स्रोत होते हैं। जामुन, फालसे, शहतूत में रंजनक पदार्थ होते हैं जो कि आपस में संबंधित कोशिकाओं और सूजन को कम करने में प्रभावकारी ढंग से लाभदायक होते हैं। बेरी भी रेशों, पोटैशियम और विटामिन सी का एक बहुत अच्छा स्रोत है। सभी फल और सब्जियां स्वस्थपूर्ण होती हैं लेकिन अभी तक हर कोई तभी लाभदायक होती है यदि इन्हें सही मात्रा में सही समय पर ग्रहण किया जाएं अर्थात इन्हें मौसम की उपलब्धता के अनुसार खाया जाएं। कोशिकाओं की बेहतर क्रिया और जीने के लिए सही मात्रा में हमारें द्वारा पोटैशियम, सोडियम और क्लोराइड तीन मुख्य वैद्युतिक तत्वों (मिनरल जो शरीर में प्रस्तुत होते हैं) की जरूरत होती हैं। इन सभी वैद्युतिक तत्वों का संतुलन बहुत कोमल हैं और यदि इससे वितरित किया जाएं तो यह घातक साबित हो सकता है इस लिए व्यक्ति को विशेषकर गर्मियों के दौरान इस की सही मात्रा में सेवन करना चाहिए। विभिन्न भोज्य पदार्थ जो कि पोटैशियम की मात्रा में बहुत बेहतर है वह निम्न है- 1.सूखे मेवे, मुनक्का, बेर, खूबानी, खजूर।2. ताजे फल केला, सट्रोबेरी, तरबूज, संतरा, खरबूजा।3. ताजी सब्जियां, हरा साग, पालक, मटर, टमाटर, मशरूम।4.सूखी सब्जियां, बींस, मटर। 5.ताजा मीट, मछली, मुर्गी। 6.ताजा रस, संतरा। पसीने की कमी के कारण गर्मियों में सोडियम की अत्यधिक जरूरत होती है। पाचन क्षमता को ठीक करने और सोडियम की कमी को दूर करने के लिए नमक वाला पानी, काला नमक, चाट मसाले का सेवन करने से इस में मदद मिल सकती है। क्योंकि सोडियम की कमी के कारण शरीर में ऊर्जा की कर्मी और यहां तक कि तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।शरीर में तरल पदार्थ को संतुलित बनाएं रखने के लिए क्लोराइड भी महत्वपूर्ण होता है और शरीर की कोशिकाओं का बेहतरीन क्रियापूर्ण बनाने के लिए भी। यद्यपि कुछ फल और सब्जियां प्राकृतिक रूप से ही क्लोराइड से भरपूर होती है। इसी तरह अधिकतर क्लोराइड नमक से प्राप्त होता है। **गर्मियों में किस प्रकार का भोजन का सेवन करना चाहिए:** अधिक मात्रा में तेज मसालेदार भोजन, लहसुन और अदरक, काली मिर्च और लाल मिर्च, वसा रहित मीट और तेल में तला खाना, अत्यधिक चॉकलेट, शराब का अधिक सेवन, कोला और कॉफी (कैफिन और कार्बोरेशन दोनों का मिश्रण) और ऑइली, ग्रेवी वसा वाली सब्जियां बिल्कुल नहीं करना चाहिए। इन सबसे विशेषकर गर्मियों के दौरान जैसे कि इस मौसम में खाने से संबंधित उत्पन्न होने वाली बीमारियों की आए दिन घटना घटती रहती है। यह माइक्रोबिअल वृद्धि विशेषकर गर्मी के तापमान के कारण कीटाणुओं में वृद्धि के कारण उत्पन्न होते हैं। इस लिए इन सबसे दूर रहना चाहिए और भरपूर मात्रा में ताजे फलों व सब्जियों का सेवन, प्रतिदिन 6 से 8 गिलास पानी पीएं व इन सब उपायों के साथ बिताएं हसंते खिल-खिलाते गर्मियों का सुहावना मौसम।

**-उमेश कुमार सिंह**

# हेली सेवा के नाम पर ठगी करने वाली 15 से अधिक वेबसाइटें ब्लॉक

देहरादून। हेली सेवा के नाम पर यात्रियों से ठगी करने वाली 15 से अधिक वेबसाइटों को एसटीएफ ने ब्लॉक कर दिया है। इन वेबसाइटों से लगातार ठगी की शिकायतें सामने आ रही थी। एसटीएफ ने लोगों को सलाह दी है कि वह बुकिंग करने से पहले इन वेबसाइटों के बारे में पूरी जानकारी हासिल कर लें।दरअसल, उत्तराखंड के केदारनाथ, बदरीनाथ सहित चारों धामों में हेली सेवा बुकिंग के नाम पर लगातार यात्रियों से ठगी की शिकायतें आ रही हैं। इस तरह की कई शिकायतें अभी तक दर्ज हो चुकी है। चूंकि अभी चारधाम यात्रा चरम पर है, इसलिए ठग असली साइटों से मिलती-जुलती वेबसाइट तैयार कर लोगों से ठगी कर रहे हैं।लिहाजा एसटीएफ ने जांच के बाद 15 से अधिक ऐसे वेबसाइटों को ब्लॉक कर दिया है। जिनसे ठगी की शिकायत मिल चुकी है या ठगी की संभावना है। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने कहा कि यात्रियों को भी सलाह दी जाती है कि वह हेली सेवा बुकिंग से पहले जिसे वेबसाइट से बुकिंग कर रहे हैं, उसके बारे में जानकारी एकत्र कर लें। जिसे कि ठगी का शिकार न हो।

# पुलिस कर्मियों ने एसआई तोमर को दी विदाई

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना ट्रांजिट कैंप में ट्रांसफर किए गए उप निरीक्षक पूरन सिंह तोमर को भावभीनी विदाई दी। विदाई के दौरान कर्मियों ने उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही उनके कार्यशैली की सराहना की। विदाई के दौरान पुलिस कर्मियों के दिलों में दर्द झलकता दिखाई दिया। कहा कि दबाव में काम नहीं होता। जहां भी रहे स्वतंत्र होकर काम किया। इस दौरान कई पुलिस कर्मी तो भावुक हो गए। इंस्पेक्टर सुंदरम शर्मा ने कहा कि ट्रांसफर विभागीय प्रक्रिया है। अधिकारियों के आदेश का पालन करना हम सबकी जिम्मेदारी है। अपनी विदाई के दौरान उप निरीक्षक पूरन सिंह तोमर ने थाने के सभी कर्मियों से सहयोग के लिए आभार जताया। इस मौके पर चौकी प्रभारी आवास विकास नीमा बोहरा,एसआई धीरज टम्टा,एसआई पंकज बेलवाल,एसआई धीरेन्द्र पंत, महिला एसआई नेहा ध्यानी,एसआई ललित चौधरी, हेड कांस्टेबल चंद्रशेखर टाकुली, चन्द्र शेखर जोशी, सुभाष कुमार,कमल कुमार ने भी ट्रांसफर पर गये एसआई की कार्यशैली की सराहना की।

# बजरंग दल कार्यकर्ताओं से कांग्रेस नेत्रियों की तीखी नोक-झोंक




देहरादून( उद ब्यूरो)। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के सियासी महासंग्राम का असर अब उत्तराखंड में शुरू हो गया है। कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के मैनिफैस्टो में बजरंग दल को बैन करने के चुनावी वादे के खिलाफ देहरादून में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस भवन का घेराव करने से सियासी घमासान शुरू हो गया है। पुलिस बल ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। कांग्रेसी कार्यकर्ता भी सड़क पर उतर गए। दोनों पक्षों में तनाव बढ़ गया। कांग्रेस ने बजरंग दल के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की बैरिकेडिंग लांघने की कोशिश में पुलिस से झड़प भी हुई। गौरतलब है कि कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस के घोषणा पत्र में विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का वादा किया गया है। इसके बाद से ही बजरंग दल ने कांग्रेस का विरोध शुरू कर दिया है। गुरूवार को उत्तराखंड कांग्रेस मुख्यालय में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस की महिला नेत्रियां भी मौके पर पहुंच गई। इस बीच दोनों तरफ से आक्रोशित कार्यकर्ताओं की तीखी नोकझांक हो गई। इस दौरान पुलिस बल ने बमुश्किल कार्यकर्ताओं को बलपूर्वक रोक दिया। इस दौरान मीडिया से वार्ता करते हुए बजरंग दल के सदस्यों ने कहा कि कांग्रेस बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाकर देश के करोड़ों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचा रही अब बजरंग दल ने देश में कांग्रेस के ताबूत पर आखरी कील ठोक दी है। जबकि कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने बजरंग दल पर अराजक्ता करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तराखंड में धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश की जा रही है। आज बजरंग दल के सदस्यों ने कांग्रेस मुख्यालय में गुंडागर्दी करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ललकारा कांग्रेस भवन का घेराव करने की कोशिश की,कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी मुंह तोड़ जवाब देते हुए उन्हें भागने को मजबूर कर दिया। यह धामी सरकार के सूचना तंत्र और पुलिस प्रशासन का बड़ा फेलियर है। उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। माहरा ने कहा कि लोकतंत्र में बहुदलीय प्रणाली होती है ,उनकी विचारधाराओं में मतभेद होना बहुत स्वाभाविक है परंतु जिस तरह सोशल मीडिया पर उत्तेजनात्मक और भड़काऊ पोस्ट बजरंग दल के द्वारा कांग्रेस पार्टी के लिए डाली जा रही हैं व कतई बर्दाश्त नहीं की जा सकती। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन महारा ने कहा कि हमारी लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष या दल विशेष से नहीं है, हमारी लड़ाई तो विचारधाराओं की लड़ाई है। आज जिस प्रकार बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड के कांग्रेस मुख्यालय का घेराव करने का प्रयास किया और नारेबाजी की उसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है, हमारी लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष या दल विशेष से नहीं है, हमारी लड़ाई विभाजनकारी विचारधारा और सांप्रदायिकता के खिलाफ है, मैं कांग्रेस कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देता हूं और आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में बजरंग दल द्वारा उकसाए जाने के बावजूद जिस गंभीरता और परिपक्वता का परिचय दिया है उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। बजरंग दल वालों को जवाब देना चाहिए जिस वक्त धामी सरकार में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल सड़क पर संघ से जुड़े कार्यकर्ता श्री सुरेंद्र सिंह नेगी की सरेराह क्रूरता से पिटाई कर रहे थे और कानून हाथ में ले रहे थे उस वक्त बजरंग दल वाले कहां थे? उस वक्त कहां थे जब उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा के अपने नेता संलिप्त पाए गए? क्यों नहीं बजरंग दल ने अपनी पार्टी से वीआईपी का नाम जानने का प्रयास किया? क्यों आवाज नहीं उठाई जब भाजपा और संघ के नेता महिलाओं का शोषण कर रहे थे? बजरंग दल ने क्यों आवाज नहीं उठाई जब उत्तराखंड कि बेरोजगारों पर लाठियां भांजी जा रही थी और भर्ती घोटाले में उनके तमाम नेता संलिप्त पाए जा रहे थे? कौन था वह सफेदपोश नेता उस पर क्यों सवाल नहीं उठाया इस बजरंग दल ने? जोशीमठ में भू धंसाव हो रहा था कहां थे, आज बद्री केदारनाथ यात्रा पर अवस्थाओं का बोलबाला है, स्वास्थ्य सेवा बदहाल हैं उस पर अपनी सरकार से कितनी बार बजरंग दल ने सवाल किया? हिंदू धर्म के तथाकथित झंडा वरदार यात्रियों के लिए क्या कर रहे हैं? आज दिल्ली के जंतर मंतर पर देश की अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त और गोल्ड मेडलिस्ट महिला खिलाड़ी अपने मान सम्मान की लड़ाई लड़ रहे हैं इन्होंने उन खिलाड़ियों के पक्ष में कितनी आवाज बुलंद की और कितनी बार अपनी सरकार से उनके न्याय के लिए गुहार लगाई ? भाजपा सांसद और कुश्ती फेडरेशन के अध्यक्ष श्री बृजभूषण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने और सुप्रीम कोर्ट के दखल के बावजूद अब तक गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई उस पर कितनी आवाज बजरंगदल ने उठाई है? जनता इनसे जवाब जानना चाहती है क्या केवल कांग्रेस मुख्यालय का घेराव करने से संघ के अनुषांगिक संगठनों के दाग धुलेंगे? बजरंग दल के कृत्यों पर सवाल करने और कानूनी कार्यवाही करने से हम सभी के अराध्य देव बजरंगबली का अपमान नहीं होता, अपितु देश प्रदेश में भगवान बजरंगबली के नाम पर उपद्रव करने समाज में वैमनस्य और अराजकता फैलाने से अवश्य अपमान तथा पाप कर्म होता है जिसे समझने की आवश्कता है।

## बजरंगबली के नाम पर बजरंग दल का रवैया बर्दाश्त से बाहर: माहरा




## आकृति सोसायटी की कार्यकारिणी गठित



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आकृति सोसायटी की संस्थापक अध्यक्ष कुसुम दिगारी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सोसायटी की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया और हर माह बैठक करने का प्रस्ताव पारित किया गया। कुसुम ने बताया कि आकृति सोसायटी विगत 20 वर्षों से वरिष्ठ नागरिकों के लिए कार्य करती है। नव गठित कार्यकारिणी में सोसायटी के वरिष्ठ सदस्य भगवत सिंह बिस्ट एवं भगवती बिस्ट को संरक्षक, गीता बिस्ट को उपाध्यक्ष,शर्मिला मित्रा को सचिव, स्नेहा भंडारी को कोषाध्यक्ष, ममता बिस्ट को मैनेजर, हर्ष वर्द्धन पांडे को मीडिया प्रभारी का दायित्व दिया गया। सोसायटी की अध्यक्षा कुसुम दिगारी ने बताया कि आगामी 14 मई मदर्स डे सायं 4 बजे से 6 बजे तक सीनियर सिटीजन के लिए आकृति सोसायटी के प्रधान कार्यालय जज फार्म में मेडिकल कैम्प का आयोजन सुनिश्चित किया गया है।

## उत्तराखंड ग्रामीण बैंक हल्द्वानी की 19 शाखाएं सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के वित्तीय वर्ष 2022 – 23 के वैधानिक अंकेक्षण के पश्चात जारी वित्तीय परिणामों के आधार पर क्षेत्रीय कार्यालय हल्द्वानी के अंतर्गत शामिल शाखाओं हेतु पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। परिणामों की जानकारी देते हुए बैंक के हल्द्वानी परिक्षेत्र के सहायक महाप्रबंधक एमएस डसीला ने कहा कि बीते वित्तीय वर्ष में बैंक का कुल व्यवसाय 10265 करोड़ रुपए रहा। बैंक का शुद्ध लाभ 43.78 करोड़ रुपए रहा। जिसमें विगत वर्ष की तुलना में 36.98 करोड़ रुपए की अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई। गैर निष्पादक आस्तियों के स्तर को भी 29 करोड़ रुपए की कमी के साथ 172 करोड़ रुपए तक सीमित रखा गया। मार्च 2023 के वित्तीय परिणामों के अनुसार रीजन 4 हल्द्वानी की 7 शाखाओं को महाप्रबंधक क्लब एवं 12 शाखाओं के चयन क्षेत्रीय प्रबंधक क्लब हेतु करते हुए पुरस्कृत किया गया। श्री डसीला ने बताया कि भारत सरकार के वित्तीय समावेशन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के अंतिम छोर तक निवास करने वाले हर व्यक्ति तक बैंकिंग सेवाओं से आच्छादित करने के लिए बैंक प्रतिबद्ध है तथा नई शाखायें भी खोलना प्रारम्भ कर दिया है। इसी कड़ी में बैंक के अध्यक्ष हरिहर पटनायक द्वारा विगत समय में दो नई शाखाओं का उदघाटन किया गया। वर्तमान तक प्रदेश के सभी 13 जनपदों में बैंक 288 शाखाओं के माध्यम से सेवायें प्रदान कर रहा है। समारोह में बीएल आर्या, अनिल डोरा, कुलवन्त सिंह रावत, सुधीर तिवारी, चंचल लाल आदि उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**22लाख की नकली....** कर इन्हीं उपकरणों की मदद से वह जाली नोट बनाते है तथा कटिंग करने के उपरांत बचे अवशेष को हम रोज के रोज जला देते हैं। खुलासा करने वाली टीम में एसओजी प्रभारी विजेन्द्र शाह, कोतवाल मनोज रतूड़ी,उपनिरीक्षक अशोक काण्डपाल, नवीन बुधानी, एसओजी के उपनिरीक्षक भुवन चन्द्र जोशी,हेड कांस्टेबल विनय कुमार, ललित कुमार, कांस्टेबल नीरज भोजन, राजेन्द्र कश्यप, खीम सिंह, दीपक कठैत, कैलाश तोमक्याल,प्रदीप कुमार, भूपेन्द्र आर्या, विरेन्द रावत, गोकुल टम्टा, गणेश पाण्डे, पंकज बिनवाल,प्रेम कनवाल, नवीन शर्मा आदि शामिल थे।

**भाजपाईयों ने देखी....** इस्लाम धर्म अपनाने के लिये प्रेरित करते हैं उसके बाद उनको जिहाद के रास्ते पर चलने ओर देश विरोधी गतिविधियों को करने के लिये तैयार करते हैं । साथ ही आईएसआईएस आतंकी संगठन के एजेंडे के तहत ऐसी बच्चियों को सीरिया जैसे देश भेजा जाता है जो इस फिल्म में दर्शाया गया है। शिव अरोरा ने कहा उन्होंने जन जागरण के लिये सभी कार्यकर्ताओं के साथ यह फिल्म देखी है और सभी से आग्रह भी किया है कि हमारे समाज मे जगरूकता और यह लव जिहाद के जहर से अपनी बेटियों को सुरक्षित करने के लिये यह फिल्म देखें और हिन्दू समाज को जागरूक करे। बता दें विधायक शिव अरोरा ने भी विधानसभा सत्र के दौरान लव जिहाद लेंड जिहाद से हो रहे उत्तराखंड में जनसंख्या असन्तुलन के विषय को सदन में उठाया था, वही इस विषय पर प्रदेश की पुष्कर धामी सरकार ने भी प्रमुखता से लेते हुए पूरे प्रदेश में अवैध रूप से हो रहे लेड जिहाद के तहत हो रहे अतिक्रमण को हटाने का जो अभियान लिया है उसके लिये प्रदेश की धामी सरकार का धन्यवाद प्रकट किया । विधायक शिव अरोरा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नाम लिखित पत्र लिखकर द केरला स्टोरी को पूरे प्रदेश में टैक्स फ्री करने की मांग भी की। जिससे पूरे प्रदेश में अधिक से अधिक लोग इस फिल्म की सच्ची घटना को देख सकें। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, प्रदेश महामंत्री ओबीसी नेत्रपाल मौर्य, जिला महामंत्री,अमित नारंग, उपेंद्र चौधरी, सुरेश कोली, रामप्रकाश गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, हरीश भट्ट, वेद ठुकराल, सोनू अनेजा,मयंक कक्कड़, योगेश वर्मा, अजय मौर्य, महि सकलानी, श्वेता मिश्रा, रश्मि रस्तोगी, फरजाना बेगम, राधेश शर्मा, सोनू अनेजा, मनोज मदान, किरन विर्क, भूपराम, सुनील यादव, राज कोली, चन्द्रपाल, रामकिशन कोली, शिवकुमार गंगवार, डी के गंगवार, राजेश गर्ग, विकास सागर, सुनील सागर, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**कचरे का पहाड़ तीन....** नही आए उन्होनें बताया कि 80% कूड़े का निस्तारण किया जा चुका है शेष बचे कूड़े को हटाने के लिए कार्यदाई संस्था के अधिकारी को तीन माह के भीतर कूड़ा हटाने के लिए निर्देशित किया तीन माह में कूड़ा ना हटने पर नोटिस जारी करने की बात कही । बता दें किच्छा रोड स्थित ट्रचिंग ग्राउण्ड में कचरे के पहाड़ को हटाने का अभियान नगर निगम की ओर से शुरू किया गया था। जो अब युद्ध स्तर पर चालू है। कचरे को हटाने की मांग लम्बे समय से की जा रही थी। जिसके लिए कई बार आंदोलन भी किये गये। मेयर रामपाल सिंह ने चुनाव के दौरान शहरवासियों से किच्छा रोड पर ट्रचिंग ग्राउण्ड को हटाने का वायदा करते हुए उसे अपने घोषणा पत्र में शामिल किया था। अपनी घोषणा के मुताबिक उन्होने कचरे के पहाड़ को हटाने के लिए कार्ययोजना तैयार की और कचरे को निस्तारित करने का काम दिल्ली की एक संस्था को दिया गया। दिल्ली की संस्था ने कचरे को निस्तारित करने के लिए ट्रोमल कन्वेयर मशीन स्थापित की है। जिसके माध्यम से कचरे की छनाई की जा रही है। आज मेयर रामपाल सिंह और नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर कचरे की छटाई के काम का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को जल्द से जल्द कचरे को निस्तारित करने के निर्देश दिये। इस दौरान मेयर ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाना उनकी प्राथमिकता है। स्वच्छता के मामले में वह रूद्रपुर शहर को शीर्ष पर लाना चाहते हैं। इसके लिए शहरवासियों का सहयोग भी आवश्यक हैं। शहरवासियों के सहयोग के बिना शहर को स्वच्छ नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने कहा कि नगर निगम ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को गंभीरता से लेते हुए शहर में सफाई के पुख्ता इंतजाम किये हैं। शहर के सभी वार्डों में घर घर कूड़ा निस्तारण के लिए वाहन लगाये गये हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को कूड़ा सड़क पर या नालियों में डालने की आदत को छोड़ना होगा। तभी हम शहर को स्वच्छ और सुंदर बना पायेंगे।

**दो पेटी शराब और...** अवैध रूप से शराब बेचता दिखाई दिया। जिस पर पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता धर्मपाल पुत्र मुकुट लाल निवासी वार्ड नंबर 8 रम्पुरा बेकरी वाली गली बताया। पुलिस ने मौके से उसके पास रखे कट्टे में कुल तीन गत्ते की पेटियां बरामद कीं जिनमें कुल 140 पव्वे देशी मसालेदार शराब के बरामद हुए। धर्मपाल की तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 8870 रुपये बरामद हुए। उसका कहना था यह रूपया उसने शराब बेचकर कमाया है। पुलिस ने बरामद शराब व नगदी सील कर धर्मपाल के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

**कार्यकर्ताओं से मारपीट...** घटना का कोई स्थान नही है। विधायक ने कहा उनके कार्यकताओ के साथ ऐसी मारपीट की घटना बेहद निंदनीय है। कप्तान ने भी ऐसी घटना जो बिना कोई उकसाये की गई हो ऐसी घटना पर स्वयं खेद व्यक्त किया। एसएसपी ने कहा उनके संज्ञान में आते ही उन्होंने उक्त उप निरीक्षक को गदपुर थाने के लिये ट्रांसफर कर दिया है।मामले की गम्भीरता को देखते हुए उसके खिलाफ दीर्घ दण्ड के लिये जांच सीओ सिटी को दी हैं जिसमे जाच के बाद नोकरी से बर्खास्तगी जैसे प्रावधान हैं। कप्तान ने कहा ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इसको भी सुनिश्चित किया जायेगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा कार्यकर्ता का सम्मान सबसे पहले हैं भाजपा का कार्यकर्ता अनुशासन के लिये जाना जाता है और सदैव हर प्रकार से सहयोग भावना से समाज हित मे कार्य करता है । इस दौरान मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता , सुशील गाबा, मनोज मदान, डी के गंगवार, अनूप दत्ता, मयंक कक्कड़, प्रीत गोवर, गोविंद शर्मा, शंकर विश्वास, ललित बिष्ट, विकास सागर, सुनील सागर आदि लोग मौजूद थे।

**धारदार हथियार...** से मारने की नीयत से काँपा, उस्तरा और तमंचा लेकर दौड़ा। किसी तरह से उसने भागकर अपनी जान बचाई। रामबहादुर का कहना है कि उसे अपनी जान माल का खतरा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


CONSTRUCTING HAPPINESS
GABA HOUSING PVT. LTD.
PROJECT APPROVED PROJECT
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
साईट ऑफिस
शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास,
रुद्रपुर
86501-18000